डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹81600 10 ग्राम
₹100000 01 किलो
सेंसेक्स 77,606.43 +317.93
डॉलर 85.736 +0.111

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 28 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-161, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ घर की...

## एक नजर

### ईद, सरहुल व रामनवमी पर रांची के पदाधिकारी-कर्मियों के अवकाश रद्द

**रांची।** ईद, सरहुल और रामनवमी पर्वों के दौरान शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मियों का अवकाश रद्द कर दिया गया है। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को इस अवधि में ड्यूटी पर रहना होगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता होगी, तो उसे उपायुक्त की अनुमति से ही स्वीकृत किया जाएगा।

### आयकर कार्यालय कल से 31 मार्च तक खुले रहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

बजट सत्र के समापन पर बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# जुमला नहीं है मंईयां सम्मान

- 58 लाख महिलाओं को मिला सम्मान योजना का लाभ
- परिसीमन के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी
- विपक्ष ने राज्य को दिशा देने के नाम पर भटका दिया

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष में दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आ रहा है। खेल में एक टीम गायब हो, तो खेल का परिणाम समझा जा सकता है। विपक्ष ने अपनी हार पहले ही मान ली है। बोलते कुछ हैं, करते कुछ हैं और भुगतती देश की जनता है। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष सदन से बाहर है। सरकार ने 1,45,000 करोड़ रुपए की अबुआ बजट पेश की थी, जिसे सभी से स्वीकृति मिल गई है। शेष पेज 11 पर

### विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**रांची।** बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने समापन संबोधन के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। ज्ञात हो कि बजट सत्र की शुरूआत 24 फरवरी को हुई थी। इस बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस रहे।

### सदन में न पक्ष और न विपक्ष हर कोई सदस्य : विस अध्यक्ष

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को बजट सत्र के समापन संबोधन में कहा कि विधानसभा के सभी सदस्यों की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखना आसन का उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में हमेशा इस बात का ध्यान रखा है कि सदस्य सदन के माध्यम से राज्य के अंतिम व्यक्ति की भावनाओं को व्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा कि उनके लिए सदन में न पक्ष और न विपक्ष है, हर कोई सदस्य है। उन्होंने सदन संचालन में सदस्यों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए सरंक्षण देने का प्रयास किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 24 फरवरी से शुरू होकर होकर 27 मार्च तक कुल 20 कार्य बैठकों के बाद षष्टम झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का समापन हुआ। यह बजट सत्र कई दृष्टिकोण से कई मायनों में अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि लंबे अंतराल के बाद हम सभी ने मिलकर सदन के समय का जिस प्रकार सदुपयोग किया है, वह ऐतिहासिक है। यह पक्ष और विपक्ष के सहयोग से ही संभव हो पाया।

**अल्पसूचित 246 और तारांकित 851 प्रश्न पूछे गए :** विस अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने बताया कि इस सत्र में कुल 1195 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिनमें से स्वीकृत अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 246 एवं तारांकित प्रश्नों की शेष पेज 11 पर

# विधानसभा में कृषि मंत्री ने वित्त मंत्री को किया सम्मानित

- सौहार्दपूर्ण भेंट में कृषि व वित्तीय विषयों पर चर्चा



**रांची/ मेदिनीनगर।** आज गुरुवार को विधानसभा स्थित कार्यालय में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को सम्मानित किया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों के बीच राज्य की कृषि योजनाओं और वित्तीय प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में कृषि क्षेत्र के विकास, किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्त मंत्री को सम्मानित करते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्त विभाग के सहयोग से किसानों के हित में बेहतर योजनाएं लाई जाएंगी।

इस मुलाकात के दौरान कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न योजनाओं पर अपनी राय रखी। यह भेंट राज्य की विकास नीतियों को मजबूती देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### सरकारी स्कूलों में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं की होगी पढ़ाई : रामदास

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य के सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च विद्यालयों में क्षेत्रीय व जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य करने को लेकर सरकार गंभीर है। इसको लेकर राज्य की पांच सदस्यीय टीम ने पश्चिम बंगाल का दौरा किया। कमेटी ने वहां जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं की चल रही पढ़ाई को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट को मुख्यमंत्री को सौंपा जायेगा। इसके बाद ठोस निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकारी की ओर से कराये गये सर्वे की त्रुटि को दूर करते हुए शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। विधायक नमन विक्सल कोमगाड़ी की ओर से गैर सरकारी संकल्प के तहत लाये गये प्रस्ताव पर मंत्री ने यह जानकारी दी।

# विदेश में रह रहे एनआरआई अब वहीं से डाल सकेंगे वोट

– ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए मतदान के अधिकार के प्रस्ताव का समर्थन किया है। विदेशी मामलों की समिति ने इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक बैलेट (ई-बैलट) और प्रॉक्सी वोटिंग जैसे विकल्पों की सिफारिश की है। भारत सरकार के विदेशी मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष हैं केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर। इस रिपोर्ट में एनआरआई को सही तरीके से परिभाषित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। क्योंकि, भारत सरकार के अलग-अलग कानूनों में इसका अर्थ अलग-अलग तरीके से दशार्या गया है। इस संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अभी जो नियम है, उसके मुताबिक एनआरआई को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के बावजूद वोट देने के लिए उसे शारीरिक रूप में भारत आना पड़ता है। समिति ने इसपर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में एनआरआई भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं या फिर किसी और देश की नागरिकता लेकर दोहरी नागरिकता रखते हैं। इसके आधार पर उनकी चुनावी भागीदारी समिति होती जा रही है। भारत से बाहर रहने वाले एनआरआई के वोटिंग का मामला अभी केंद्रीय शेष पेज 11 पर

भाजपा के बंद का आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा व जेएलकेएम ने किया था समर्थन

# भाजपा ने की हत्या के खिलाफ रांची बंद असरदार

- घंटों आवाजाही ठप रही, दुकानें और प्रतिष्ठान रहे बंद
- बंद समर्थक लिए गए हिरासत में, देर शाम में छोड़े गए

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व रांची जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की बुधवार को हुई हत्या के विरोध में गुरुवार को भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रहे। मुख्य मार्गों पर घंटों तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। बड़ी संख्या में बंद समर्थकों ने प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रांची जिले में 125 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें देर शाम छोड़ दिया गया। भाजपा के रांची बंद का आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा और जेएलकेएम ने समर्थन किया था। अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में आज भाजपा की तरफ से बुलाए गए रांची बंद के दौरान शहर के कोकर, लालपुर, बरियातू, बुटी मोड़, अल्बर्ट एक्का चौक, कांके, अरगोड़ा, चुटिया, किशोरगंज, टाटीसिलवे, नामकुम, हिनू, धुर्वा, रातू सहित अन्य जगहों पर बंद समर्थक ने सड़कों पर उतरकर घंटों शेष पेज 11 पर

# दिवंगत नेता अनिल महतो को श्रद्धांजलि देने पहुंचे वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर



**रांची/मेदिनीनगर।** दिवंगत नेता अनिल महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक गांव गागी में बड़ी संख्या में लोग जुटे। क्षेत्र के कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी अनिल महतो के घर पहुंचे और शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अनिल महतो का समाज के प्रति समर्पण और संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने महतो के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष किया। उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिनिधियों, महतो के परिवार के सदस्यों और उनके सहयोगियों ने उनके सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आज | कल





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा रंग

# मानव तस्करी के शिकार हुए 25 नाबालिग कराए गए मुक्त

- सभी नाबालिग सुरक्षित रांची पहुंचे, किया जाएगा पुनर्वासित
- खूंटी के सात, साहिबगंज और गोड्डा के 18 को किया गया है रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मानव तस्करी के कलंक को मिटाना हेमंत सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से मानव तस्करी के शिकार बालक एवं बालिकाओं को लगातार मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग से संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 25 नाबालिगों को वापस लाकर झारखंड पुनर्वासित किया जा रहा है। खूंटी के सीडीपीओ अल्ताफ खान एवं साहिबगंज की सीडीपीओ पूनम कुमारी के नेतृत्व में ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित रांची पहुंचे। मुक्त कराए गए सभी नाबालिगों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादातर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र ने दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली से सटे राज्यों के विभिन्न स्थानों शेष पेज 11 पर

# चतरा में रोजगार सेवक रिश्वत लेते गिरफ्तार

- मनरेगा के कार्य में 5000 रुपए रिश्वत लेते पकड़ा

नवीन मेल डेस्क



**चतरा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने चतरा जिले के इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से रोजगार सेवक उमेश कुमार को रिश्वत लेते गुरुवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद अग्रेतर करवाई के लिए एसीबी की टीम रोजगार सेवक को हजारीबाग ले गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित बिनोद सिंह ने एसीबी को पत्र लिखकर बताया था कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम से मेढ़बंदी का कार्य मनरेगा योजना से पास हुआ है। उन्होंने मेढ़बंदी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जब वे डिमांड लगाने रोजगार सेवक उमेश कुमार के पास गए, तो उन्होंने कहा कि आपके एवं आपके परिवार के सदस्यों की ओर से की गई सभी मेढ़बंदी योजना का डिमांड लगा देंगे। लेकिन, इस काम के लिए 26 हजार रुपए देने होंगे। आग्रह विनती करने पर मामला 5000 रुपए में शेष पेज 11 पर

### लोहरदगा में रजिस्ट्री कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार



**लोहरदगा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के टीम ने गुरुवार को लोहरदगा जिला निबंधन कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया कर लिया। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, बगडू थाना क्षेत्र के हिसरी गांव निवासी मो. आलीमुद्दीन (पिता स्व. मोहिउद्दीन) ने अपनी जमीन का पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय में संपर्क किया था। वहां कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार ने उनसे 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी, जिसे देने से आलीमुद्दीन ने इनकार कर दिया। आलीमुद्दीन ने इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई। आवेदन का विधिवत सत्यापन करने के बाद निबंधन कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार पर लगे आरोपों को सत्य पाया गया।

## इंडिया


# कलियुग का असर समाज पर पड़ा या हम ने इसे बनाया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

धार्मिक ग्रंथों में उदाहरणों से हमें आदर्श आचरण और धर्म का मार्ग बताया गया है जिसमें चलकर हम सुख और शांति का अनुभव कर सकते हैं पर सभी सनातनी संस्कारों को नकार कर पश्चिम की तरह सिर्फ व्यक्तिगत सुख के पीछे भागने की प्रवृत्ति ने ऐसी घटनाओं को जन्म दिया जिससे कलियुग भी शर्मिंदा हो जाए। अभी पूरा देश मेरठ में हुई एक कलियुगी हत्या की खबरों की चपेट में है, जो इतनी जघन्य है कि इससे समाज पर ही सवाल उठने लगे हैं। इस ने उजागर किया है कि भारत में सुरक्षा और शालीनता के मध्यमवर्गीय विचारों के भ्रम के पीछे आखिर छिपा क्या है? यह सच्चाई उस आदमी के अवशेषों से प्रकट हुई है, जो एक नीले प्लास्टिक के ड्रम के अंदर सीमेंट में दफन था और जिसे उस महिला द्वारा दुनिया से मिटा दिया गया, जिसने कभी उसके साथ सात फेरे लेकर उसके नाम का मंगलसूत्र पहना था। सौरभ राजपूत के साथ जो हुआ वह देश के लोगों में आए नैतिक पतन का एक पड़ाव है। वारदात को लेकर हुए खुलासे तो और भी अजीब हैं। 29 वर्षीय सौरभ, जो मर्चेंट नेवी के भूतपूर्व अधिकारी थे, अपनी पत्नी और बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन से दो साल बाद घर आए थे। वहां वह एक बेकरी में काम करते थे, जहां उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। यह कोई बड़ी नौकरी तो नहीं थी, लेकिन परिवार के लिए एक स्थिर आय जरूर सुनिश्चित करती है, जिसे अगर रुपयों में बदला जाए, तो यह आकर्षक भी लगती थी। हालांकि इसकी पूरी संभावना है कि सौरभ की नौकरी को इंग्लैंड में मामूली ही माना जाता होगा, लेकिन इसकी बदौलत ही भारत में उन्होंने अपने परिवार को तमाम विलासितापूर्ण चीजें उपलब्ध कराईं, बेटी के लिए अच्छा स्कूल, पत्नी और पत्नी के परिवार के लिए नवीनतम आईफोन, एक अच्छी जगह पर किराए का एक आवास।

सौरभ की घर वापसी तक सब अच्छा चल रहा था। एक वायरल वीडियो में पूरा परिवार नाचता और जश्न मनाता दिख रहा है। सौरभ को भनक भी नहीं थी कि सिर्फ तीन दिन बाद उसकी हत्या होने वाली है। लेकिन हम आजकल ऐसी ही दुनिया में रह रहे हैं। सोशल मीडिया की दिखावटी जिंदगी को संपादित कर हम रील्स बनाते हैं, और इसे लोगों की ईर्ष्या के लिए पेश कर देते हैं। उस रील में भी ऐसा परिवार था, जिससे सकारात्मक अर्थों में ईर्ष्या होनी चाहिए थी, लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से तीन दिनों के भीतर सब कुछ बदल गया। अपनी हत्या की रात सौरभ ने अपने पसंदीदा कोफ्ते खाए, जिसमें मुस्कान ने नींद की दवा मिला दी थी। उसे गहरी बेहोशी में देख, मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल को बुला लिया। साहिल उसके स्कूली दिनों का साथी था और 2019 में एक क्लास रीयूनियन के दौरान वे फिर से मिले थे। समय के साथ उनकी बातचीत बढ़ती गई, प्रेम संबंध बन गए,



जिसका पता सौरभ को चला। उसने तलाक के लिए अर्जी दी थी, लेकिन पहले से एक बेटी होने के कारण परिवार और मुस्कान की वफादारी के वादों की वजह से उसने मन बदल लिया। यह बहुत घातक गलती थी, लेकिन भारत में यह बहुत आम है, जहां तलाक को विषाक्त रिश्ते में रहने से भी बड़ा पाप माना जाता है। इसके बाद भी मुस्कान के साहिल के साथ संबंध खत्म तो नहीं हुए, लेकिन अगले कुछ वर्षों तक वह वैवाहिक वफादारी का दिखावा करती रही। इससे सौरभ को दो साल के लिए इंग्लैंड में रहने का आश्वासन मिला, तो मुस्कान को अपने जुनून-साहिल और अब ड्रग्स में लिप्त होने की आजादी भी मिली। इसके बाद, दोनों प्रेमी नशे की लत और एक-दूसरे के लिए अतृप्त भूख से प्रेरित एक लापरवाह प्रेम-संबंध में डूब गए, जो एक किस्म के रहस्यवाद पर भी टिका हुआ था। एक विकृत कल्पना, जिसमें उनका एकसाथ आना तभी मुमकिन होगा, जब वे सौरभ का ह्यवधह्व कर देंगे और तीन मार्च की रात को उन्होंने यही किया। जब सौरभ नींद में था, तब मुस्कान उसके ऊपर झुकी और उसके दिल में चाकू घोंप दिया। उसके बाद साहिल ने उसका सिर धड़ से अलग किया। यह कोई जुनूनी अपराध नहीं था। हत्या में इस्तेमाल चाकू पहले से ही खरीदा गया था, साथ ही प्लास्टिक का ड्रम भी, जिसमें उसके शरीर के टुकड़े छिपाए गए। इसके बाद साहिल का जन्मदिन मनाने और अपने नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए ये दोनों छुट्टियां मनाने हिमाचल निकल गए। एक बार फिर, सोशल मीडिया की रील्स में इस जोड़े को अपराध बोध की छाया से मुक्त जिंदगी का भरपूर आनंद लेते हुए दिखाया गया है। मुस्कान और साहिल केवल प्रेम में ही नहीं, नैतिक पतन में भी भागीदार थे। प्लास्टिक का वह ड्रम दरअसल, हमारे समाज में व्याप्त गहरी सड़ांध का प्रतीक है, जिन्हें हम उन मूल्यों के सीमेंट से ढक देते हैं, जिन्हें हम तेजी से त्यागते जा रहे हैं। एक वक्त था, जब भारत में नैतिकता सरल होने के बावजूद दम घोंटने वाली थी, जिसमें परिवार और सामाजिक दबाव व्यक्तित्वों का गला घोंट देते थे। दूसरी तरफ, आज हम दूसरी चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं, जहां जिंदगी नैतिकता से रहित विकल्पों का नतीजा बन गई है। ऐसे विकल्प, जहां सिर्फ अपनी खुशी ही देखी जाती है और इसकी कोई परवाह नहीं की जाती कि इसका परिवार या अपने समाज पर क्या असर पड़ेगा। मुस्कान की छह साल की बेटी पीहू, इसकी मिसाल है, जिसने अपने पिता को खो दिया। यह पूरा प्रकरण इसका भी प्रमाण है कि हम कैसे नजरें फेर लेना चुनते हैं। कैसे माता-पिता अपनी बेटी का स्वभाव जानते हुए भी पति के विदेश जाने के बाद एक ही शहर में रहते हुए उसे अलग रहने की अनुमति देते हैं? एक माता-पिता ने अपने बेटे से सिर्फ इसलिए दूरी बना ली, क्योंकि उसने ऐसी दुल्हन चुनी, जिसे वे स्वीकार नहीं करते थे और नतीजा यह हुआ कि वह एक कुटिल महिला की चालों के सामने कमजोर पड़ गया? समाज ने अवैध संबंधों को देखते हुए भी पति को सूचित करना जरूरी नहीं समझा? हम सभी ने इसे होने दिया, क्योंकि दौड़ती हुई जिंदगी में अपने आसपास देखने की तुलना में दूर देखना आसान होता है। हमने चुपचाप मान लिया कि कलियुग है, कुछ भी हो सकता है। लेकिन ऐसा होने की जरूरत नहीं थी। इस अपराध का मूल कारण ड्रग्स नहीं, बल्कि हम हैं। दुःखद यह है कि हमें इससे सीख लेने की भी फुर्सत नहीं है।

### सरायकेला-खरसावां में 500 बेड का अस्पताल बनेगा : इरफान

**सरायकेला।** विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि दो माह में समीक्षा कर सरायकेला-खरसावां में 500 बेड के अस्पताल निर्माण का काम पूरा करायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में इस अस्पताल के लिए 153.96 करोड़ रुपये का प्राकलन तैयार किया गया था। जमीन संबंधी तकनीकी अड़चनों के कारण निर्माण कार्य में विलंब हुआ। अब सरकार की ओर से 353 करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार किया गया है। दो माह में इसकी समीक्षा कर अस्पताल निर्माण के कार्य को पूरा कराने का काम किया जायेगा। विधायक दशरथ गागराई की ओर से लाये गये गैर सरकारी संकल्प पर मंत्री ने यह जानकारी दी। विधायक ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से सरायकेला-खरसावां में अस्पताल निर्माण का कार्य चल रहा है। इसे कब तक पूरा किया जायेगा।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे से ईद, सरहुल तथा रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पत्रकार और ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने दी है।

### व्यावसायी सह भाजपा नेता के निधन पर शोक व्यक्त

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत अंतर्गत करडंडा के निवासी एवं स्थानीय बाजार के प्रमुख फल व्यवसायी भाजपा के वरिष्ठ नेता किसान मित्र गोविंद प्रसाद मेहता के निधन पर विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक नेताओं और व्यावसायियों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इसमें शामिल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि पार्टी संगठन सहित सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसाय के क्षेत्र में गोविंद मेहता को सदैव याद किया जाता रहेगा। पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, प्रखंड 20-सूत्री समिति अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, मानिकचंद शर्मा, नर्वदेश्वर सिंह, राजकुमार मेहता सहित अन्य ने भी शोक व्यक्त किया है।

### जामा मस्जिद में 8:15 में होगी ईद-उल फीतर की नमाज

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को गुलाम मो. अमीन अली खां के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां ने की। संचालन पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने की। सर्वसम्मती से ईदगाह हुसैनाबाद में ईद-उल फितर की नमाज आठ बजे सुबह रखा गया है। नूरी मस्जिद चिकटोली व जामा मस्जिद राजटोली 8:15 बजे सुबह और इमामुन्नबी मस्जिद इस्लामगंज मे 8:30 बजे रखा गया है। चांद की जानकारी होने के बाद ईद उल फित्तर की नमाज अदा की जाएगी। जिसमें केयामुद्दिन अंसारी, रेयाज खां, गुलाम नेजामुद्दिन, खुर्शीद अनवर नूरी, सोएेब खलीफा, सद्दाम कादरी सहित कई अकीदतमंद मौजूद थे।

# 225 बोतल विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पुलिस ने गुरुवार की अल सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब से लदे टोयोटा इटियॉस कार को भी जब्त किया है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर 225 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। 750 एमएल की सभी बोतलें ब्लेंडर व रोयल स्टेज व्हिसकी पाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त बरामद सभी शराब की बोतलों पर ओनली सेल फॉर हरियाणा अंकित है। इसके साथ ही



शराब का परिवहन कर रहे वाहन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध किसी भी कारोबार के प्रति सख्ती के साथ छापेमारी अभियान लगातार जारी है। इन कारोबार से जुड़े लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कीमत पर अवैध शराब का व्यवसाय सहित इसके उत्पादन व बिक्री फलने फूलने नहीं दिया जायेगा। इस पर नियंत्रण किये जाने से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों सहित पंचायत प्रतिनिधियों से विधि व्यवस्था कायम रखने में संबधित क्षेत्र से कारोबार पर रोकथाम कराने में पुलिस को सहयोग करने का पुनः सुझाव दिया है।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, पुत्र घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 98 मेदिनीनगर औरंगाबाद के मुख्यपथ तेलाड़ी मोड़ के समीप बस के धक्के से तेलाड़ी गांव के निवासी महेश यादव 50 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया। बताया गया कि मृतक किसान है। वह अपने घर पर वोर करवाया था उस वोर में मोटर लेकर छतरपुर से अपने घर तेलाड़ी जा रहे थे। जैसे ही तेलाड़ी मोड़ पहुंचे वैसे ही अरविंद बस कुचल दिया। दुर्घटना के तत्काल बाद छतरपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा कर जाम हटाने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने बस जब्त कर थाना ले गई।

### बीडीओ ने प्रचार रथ रवाना किया



**छतरपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने अपने कार्यालय से राशन कार्ड में ई-केवाईसी कराने के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडा दिखाकर प्रचार के लिए रवाना किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्डधारी, जो अभी तक ई-केवाईसी नही करा पाए हैं, वह 31 मार्च तक करा लें। ई केवाईसी नहीं कराने पर राशन कार्ड से नाम स्वतः कट जएगा। मौके पर प्रधान सहायक नवाब खान, उपेंद्र कुमार, असलम हुसैन, अशोक कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चैनपुर थाना परिसर में ईद, सरहुल ,रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** थाना परिसर में गुरुवार को ईद,रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने की। अंचल अधिकारी ने कहा कि मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनायें। कोई ऐसा काम न करे, जिससे आपसी सौहार्द खराब हो। बीडीओ प्रदीप दास ने कहा कि कोई भी विवादित और अश्लील गाना नहीं बजाऐं। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा नें कहा कि अफवाह से बचें तथा सोशल मीडिया में गलत चीजें शेयर करने से बचें, क्योंकि प्रशासन की नजर सोशल मीडिया पर रहेगी। मौके पर जिप सदस्य फैजाएल अहमद, रामनवमी समिती के अध्यक्ष, मुखिया दीनानाथ मांझी, लालबहादुर भुइयां,अरविंद तिवारी, बसंत राम, रामलखन चौधरी, दिनेश कमलापुरी, चंदू गुप्ता,एएसआई के के सोनी, रंजीत बिलुंग, सी के चौधरी, युसूफ अंसारी, दुलार सिंह, गजेंद्र चौरसिया, धर्मेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**सद्भावना के साथ ईद, सरहुल, रामनवमी मनाने का निर्णय**

*एसडीएम ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना*

## राशन कार्ड धारी का शत प्रतिशत ई-केवाईसी आवश्यकः एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से इ-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक इ-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने कही। वे गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। आपूर्ति विभाग, पलामू की ओर से पांच जागरूकता रथ का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता रथ के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे, खाद्यान्न/ सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। इस मौके पर प्रवीण कुमार, अजीत चौधरी, उमेश पासी ,लल्लू कश्यप के अलावा कई लोग मौजूद थे।



## जनवि में दीपक व बेबी का छठे वर्ग में चयन

**नवीन मेल संवददाता**


**ऊंटारी रोड़।** विश्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत गुरहा कला पंचायत के मल्लाहटोली निवासी रामकृपाल चौधरी का पुत्र दीपक कुमार व मुरमा कला निवासी राजेश राम की पुत्री बेबी कुमारी का छठे वर्ग में चयन जवाहर नवोदय विद्यालय जपला मे हुआ। युवा समाजसेवी व अधिवक्ता बचनदेव चौधरी के नेतृत्व मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि आज मेहनत करने से ही सफलता हासिल की जा सकती है। जो बच्चा अधिक मेहनत करेंगे उन्हें एक न एक दिन जरूर सफलता मिलेगा। आयोजक बचनदेव चौधरी ने कहा कि दोनों बच्चों ने पंचायत का नाम रौशन किया है। इनकी उपलब्धि से आने वाले बच्चों को सीखने की जरुरत है। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने की। संचालन शिक्षक अमित कुमार सिंह किया। मौके पर शिक्षक रविंद्र तिवारी, सुनील कुमार सिंह, राजेश चौधरी, बच्चू चौधरी, विनोद राम प्रधानाध्यापिका प्रमिला देवी, संतोष कुमार ए. एस. आई. चन्दन कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रदीप चौधरी सहित विद्यालय के बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।



# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, तापमान अधिकतम 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** एक बार फिर से तापमान में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि के साथ गर्मी ने असज स्थिति पैदा कर दी है। बताया गया कि गुरुवार को वर्तमान सीजन का सबसे गर्म दिन बीता। तापमान अधिकतम 42 और न्यूतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार और आने वाले दिन शुक्रवार को तापमान 40-40 बताया गया है। हालांकि शनिवार और रविवार को इसमें गिरावट का अनुमान लगाया गया है। फिर भी तब क्रमशः 35 और 37 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान दर्शाया गया है। ऐसे में बीते कुछ दिनों के बदले मौसम में स्थिति सामान्य और सुकूनदायक रहने के बाद अचानक वातावरण में तेज बदलाव ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। जबकि बीते दिनों की बारिश और तेज हवाओं से चालू माह के शुरूआती दौर की गर्मी से काफी राहत मिल गई थी। मगर इसके बाद फिर से अप्रत्याशित रूप से बढी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। जानकारी के अनुसार 30 मार्च तक ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। जैसा कि मौसम पूवार्नुमान में भी बताया गया है। ऐसे में मौसम में इस उतार-चढ़ाव ने मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों की भागदौड़ बढा दी है। पशुपालकों का कहना है कि मैदानी और जंगली इलाकों में बारिश से घास और पेड़ पौधों में हरियाली के लौट आने से मवेशियों के लिए चारा की कमी दूर हो गई थी। मगर अब तापमान के तेजी से बढने के साथ लू चलने लगा, तो, इससे मवेशियों के चारा और पानी को लेकर विपरीत स्थिति पैदा हो जाएगी। वहीं, किसानों की मानें, तो रबी फसलों खासकर, गेहूं, अरहर, चना और मसूर की कटनी करना जरूरी हो गया है। तभी साधारण उत्पादन मिलने की संभावना बनी रहेगी। वैसे, भी मौसम की बेरुखी की मार से फसलों में पुष्ट दाने नहीं लग पाए हैं। इसे देखते हुए इसमें की गई पूंजी निवेश और मेहनत का फल नहीं प्राप्त होने को लेकर पहले से ही उनकी चिंता बनी हुई है ही।



## राजयोगिनी दादी जानकी का स्मृति दिवस मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन सेवा केंद्र हुसैनाबाद में राजयोगिनी दादी जानकी का पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया । मौके पर केन्द्र की संचालक ब्रह्माकुमार नीरज ने दादी जानकी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और बताया कि दादी जानकी ने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवाओं और जन कल्याण के कार्य में समर्पित किया। दादी जी आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग को विश्व के अन्य देश में फैलाने की सशक्त माध्यम बनी। इसलिए दादीजी की पुण्यतिथि 27 मार्च को सारे विश्व में वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि दादी जानकी लगभग 104 वर्ष की आयु तक 140 देशो में यात्रा कर लाखो आत्माओं के जीवन में आध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाने वाली संसार की सबसे स्थितप्रज्ञ राजयोगिनी रही। दादी जी का जीवन समाज की सेवा में समर्पित था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें स्वच्छता मिशन का ब्रांड एंबेसडर बताया था। वह साक्षात योग की जीती जागती मिसाल थी। कार्यक्रम में दादी जानकी के चित्र पर सभी ने बहनों फूल पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बीके धीरज, बीके राम नरेश यादव, बीके मनोज भगत, बीके कृष्णा, डॉ. गया प्रसाद, शिव, नमन, कुसुम माता, शोभा माता, सबिता माता, अंजू माता, सुनीता माता सहित कई लोग मौजूद थे।


## न्यूज बॉक्स

### ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**ऊंटारी रोड़।** थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक मे अंचलाधिकारी बासुदेव राय ने कहा कि ईद और रामनवमी पर्व सरकारी नियमानुसार शांती पूर्वक ढंग से मिलजुल कर मनायें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को शेयर नहीं करें। इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा कि त्योहार मनाना किसी को मना नहीं है। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। एक दूसरे की भावना को आहत नहीं करते हुए भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। मंच संचालन उप प्रमुख खोखन राम ने किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण भगत, थाना प्रभारी प्रदीप दुबे, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, समाज सेवी कृष्णा पाल ,मुखिया रामबचन राम, अरुण वर्मा, पारस कुमार, साकेत पासवान , अरविंद कुमार मेहता , सदर खताब्बुददीन, अलीहुसैन अंसारी, मंसूर अंसारी, बबलू तीसरी, योगेन्द्र सिंह, के साथ उपस्थित हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने अपने विचार रखें। साथ ही ईद व रामनवमी पर्व भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया।

### ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**हैदरनगर।** ईद व रामनवमी पर्व पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक गुरुवार को शाम की गई। एसडीओ गौरांग महतो ने सर्वप्रथम सभी समिति से कार्यक्रमों की रुपरेखा और रुट की जानकारी विभिन्न क्षेत्रों और अखाड़ा समिति से ली। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति आने पर सोशल मीडिया से परहेज करें। उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से अपनी बात साझा करने का सुझाव दिया। इस दौरान मुखिया संतोष कुमार सिंह व जितेन्द्र सिंह, नावाजिश खान, कमलेश मेहता, रामनवमी समिति के संरक्षक संतोष सिंह व अध्यक्ष अविराज गुप्ता, राहुल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, शाहनवाज हुसैन, संजय सिंह, उपमुखिया पवन कुमार, मो. राशिद, वीरेन्द्र सोनी, धनंजय सिंह, विवेक अग्रवाल, राजू सोनी, धीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों को कार्यक्रमों की रुपरेखा अंकित कराया। बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी संतोष कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, एसआई अफजल अंसारी ने सभी समाज के लोगों को इन पर्व पर एक दूसरे के साथ आपसी समन्वय और कदमताल मिलकर शांतिपूर्ण संपन्न कराने की प्रेरणा दी। उन्होंने किसी भी तरह का अफवाह से बचने और शरारती तत्व के लोगों से सचेत रहने की अपील की। स्थानीय पुलिस प्रशासन अमन पसंद लोगों के साथ दिन रात तत्पर है। उनके स्तर से असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस इंटरनेट और सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रख रही है।

## 2 छात्रों का जेएनवी में नामांकन के लिए चयन, खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय के 5 वीं कक्षा के 2 छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में चयनित किया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए इन छात्रों उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इन छात्रों ने जपला स्थित उक्त राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान की प्रवेश परीक्षा में बेहतर अंक हासिल किया है। इससे विद्यालय के साथ ही परिवार का बड़ा नाम हुआ है। इन सफल छात्रों में स्थानीय निवासी पूर्व उप मुखिया और एसएमसी के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार के पुत्र तन्मय कुमार और किसान अखिलेश कुमार मेहता के पुत्र अभिषेक कुमार के नाम शामिल हैं। इन दोनों ही छात्रों के उक्त विद्यालय में नामांकन के लिए उन्हें इस विद्यालय का परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत कर गुरुवार को शुभकामनाओं और आशीर्वाद के साथ विदा किया गया। मौके पर एसएमसी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मेहता और विद्यालय परिवार के अन्य कई सदस्य मौजूद थे। इन छात्रों की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार, मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने कहा कि इन छात्रों ने प्रखंड और पंचायत का नाम रौशन किया है। इनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक बनेगी।



### मृतक मजदूर के परिवार को आर्थिक मदद की

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के रेवारातु गांव निवासी उदय सिंह पिता तिलेशर सिंह का गंभीर बिमारी से 18 मार्च को राजस्थान के सरदार शहर में निधन हो गया था। जब इस बात की जानकारी पांकी विधायक के सतबरवा विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा को मिली। उन्होंने उनके आवास पर जाकर आर्थिक सहायता दी। साथ ही हर संभव मदद करने की बात कही। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि यहां पर कोई रोजगार नहीं रहने के कारण राजस्थान के सरदार शहर में मजदूरी कर अपना घर परिवार का पालन-पोषण करते थे। वहीं रहने के कारण उनको गंभीर बीमारी हो गई थी। पैसे के अभाव में इलाज भी नहीं कर पा रहे थे। विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव व सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने मृतक के परिवारवलों को ढांढस बंधाया।

## लटपौरी में नहीं लगा राजस्व कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मार्च महीने के शेड्यूल के अनुसार गुरुवार को लटपौरी पंचायत सचिवालय में राजस्व कैंप को लेकर आश्चर्यजनक स्थिति सामने आई है। बताया गया कि कैंप लगाया ही नहीं गया। इसे लेकर कोई संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी पहुंचे ही नहीं। मुखिया उमेश राम के अधिक से अधिक लोगों के इस कैंप में पहुंचने की अपील पर कई ग्रामीणों ने दूरभाष पर इसे लेकर उनसे जानकारी प्राप्त की थी। जिन्हें निराशा हाथ लगी। बता दें कि वर्तमान माह में निर्धारित तिथियों में आयोजित राजस्व कैंप के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही लोगों की भी उदासीनता लगातार देखने को मिल रही है। भजनियां और मोहम्मदगंज में शून्य आवेदन के बाद इससे पहले 19 मार्च को कादलकुर्मी में 3 जबकि सोमवार को गोड़ाडीह में आयोजित राजस्व कैंप में लगान रसीद के मात्र दो आवेदन ही जमा कराए गए थे। मगर लटपौरी में मुखिया के प्रयास से कई ग्रामीणों ने कैंप में आने को लेकर इच्छा जाहिर की थी। ऐसे में इसके बाद 29 के कोल्हुआ-सोनबरसा और रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजस्व कैंप में लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों उपस्थिति व संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी की कितनी रूचि सामने आती है, देखने वाली बात होगी। बता दें कि पंचायतवार राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित खासकर, लगान रसीद, पंजी टू में रैयत के नाम खाता व प्लॉट आदि की त्रुटियों में सुधार को लेकर माह के हर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को राजस्व कैंप लगाने का आदेश प्राप्त है।

**अभियान** | बिजली विभाग की छापेमारी में 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# 2 लाख 55 हजार का लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी अभियान में 13 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। उक्त लोगों पर 2 लाख 55 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। पूर्व का बकाया राशि 69,771 रुपए हैं। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है, उसमें प्रिंस कुमार, गायत्री देवी, प्रीति सिंह, ललन राम, विजय यादव, हसीना बेगम, मो. जहांगीर, गोलू कुमार सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, प्रमोद कुमार रजक, बिहारी महतो, लालमोहन विश्वकर्मा एवं सोनू सिंह आदि का नाम शामिल है। सबसे अधिक जुमार्ना प्रमोद कुमार रजक को लगाया गया है। इन पर पूर्व से 58,588 रुपए पहले का बकाया के अलावा 1 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी उबैद अहमद, जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह एवं अशोक मेहता शामिल थे।



## युवक ने की आत्महत्या परिजनों में मातम

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के किया कि में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सचिन उरांव (18), पिता समेज उरांव के रूप में हुई है। घटना गुरुवार को उनके घर में घटी। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सदर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

इधर, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# धान अधिप्राप्ति में तेजी लाएं, लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करें : डीडीसी

**● 10 अप्रैल तक मिलरों को सीएमआर जमा करने और धान उठाव के निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धान अधिप्राप्ति योजना के तहत किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में धान अधिप्राप्ति की प्रगति, ई-उपार्जन पोर्टल पर निबंधन, किसानों को भेजे गए एसएमएस, अब तक खरीदे गए धान और भुगतान प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी मिलरों को 10 अप्रैल तक सीएमआर जमा करने और पैक्स से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को दूसरी किस्त का भुगतान किया जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है, और इस अवधि में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना जरूरी है।बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा, राइस मिलर, पैक्स अध्यक्ष और क्रय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 54 आवेदनों का अनुमोदन, किसानों की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर

# कृषि यंत्र मिलने से किसानों को होगा लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि यंत्रों के वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 54 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि कृषि यंत्र मिलने से किसान कम समय और कम मेहनत में बेहतर उत्पादन कर सकेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना, कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना और कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के तहत लाभुकों का चयन किया गया। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए किसानों के 28 आवेदनों को स्वीकृति मिली, जबकि छोटे कृषि उपकरण बैंक के लिए 8 और एचडीपीई पाइप वितरण योजना के लिए 18 आवेदनों को अनुमोदन दिया गया। बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने छात्रवृत्ति पोर्टल की तिथि बढ़ाने की मांग की



**▸▸ कुलसचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, विद्यार्थियों को हो रही परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए कल्याण विभाग के छात्रवृत्ति पोर्टल की तिथि बढ़ाने की मांग की। उन्होंने बताया कि कई विद्यार्थियों को अब तक बोनाफाइड प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है, जिससे वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सके। विपिन यादव ने कहा कि पहले भी विश्वविद्यालय द्वारा तिथि बढ़ाने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब 25 मार्च को पोर्टल की तिथि समाप्त हो चुकी है, जिससे कई छात्रों को परेशानी हो रही है। इस पर कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय अपने स्तर से तिथि बढ़वाने का प्रयास करेगा।

## पलामू में पारा 40 प्रतिशत पार, गर्मी से बेहाल लोग

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों का हाल बेहाल हो गया है। गर्म हवाओं के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कतें आ रही हैं। घरों और कार्यालयों में पंखे, कूलर और एसी का इस्तेमाल बढ़ गया है। बाजारों में शादी-विवाह से जुड़ी खरीदारी बढ़ गई है, क्योंकि 14 अप्रैल के बाद शादी का सीजन शुरू हो रहा है। फ्रीज, कूलर और एसी जैसे उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस था। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज दिन में तापमान में 2 डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई है। लोगों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचने की सलाह दी गई है।

# मेराल रेलवे स्टेशन के पास अंडरब्रिज निर्माण को मिली मंजूरी



**● रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति, जल्द होगी निविदा प्रक्रिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से गढ़वा जिले के मेराल रेलवे स्टेशन के पास कुंभी ग्राम (किलोमीटर 18/19-20) में रेलवे अंडरब्रिज निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने दे दी है। इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 19 मार्च 2025 को सांसद के पत्र के संदर्भ में स्वीकृति पत्र जारी किया। गौरतलब है कि कुंभी और आसपास के गांवों के लोगों को रेलवे लाइन पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनता की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत यह मुद्दा उठाया था। इसके अलावा, धनबाद डिविजनल बैठक, पत्राचार और रेल मंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से उन्होंने अंडरब्रिज निर्माण की मांग की थी। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के बाद अब जल्द ही इस परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

सांसद विष्णु दयाल राम ने इस स्वीकृति के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और जनता की ओर से धन्यवाद प्रकट किया।

# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पलामू में पीएमश्री योजना पर जिला स्तरीय एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीपीओ संजय कापरी, डायट प्राचार्या सुश्री अमृता सिंह और प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

डायट प्राचार्य अमृता सिंह ने पीएमश्री योजना की नीतियों और उसके क्रियान्वयन पर चर्चा की, जबकि प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के 5+3+3+4 मॉडल और प्री-वोकेशनल व वोकेशनल शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। एडीपीओ संजय कापरी ने पीएमश्री विद्यालयों को उन्नत बनाने और उनकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की।

मास्टर ट्रेनर नंदकिशोर ने विद्यालयों में बाल संसद की स्थिति पर बात रखी, जबकि मास्टर ट्रेनर देवेंद्र मिंज ने खेलों के माध्यम से नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन श्यामलाल उरांव ने किया, जिन्होंने एनसीईआरटी और एनसीएफ में उल्लिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रस्तुत किया।

इस कार्यशाला में समग्र शिक्षा अभियान के तहत एपीओ उज्ज्वल मिश्र, राजेश कुमार, राजीव चौबे, अमोद कुमार और वीरेंद्र तिवारी समेत जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी और शिक्षा प्रबंध पदाधिकारी ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यशाला का समापन किया।

# आदिवासी संगठनों की समस्याओं पर प्रशासन गंभीर, जांच प्रतिवेदन तैयार

**▸▸ शाहपुरा किला जीर्णोद्धार और राजा मेदिनी राय-नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति महिला आयोग, दिल्ली की सदस्य आशा लकड़ा के संज्ञान के बाद पलामू उपायुक्त के निर्देश पर जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनजातीय समुदाय की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान के लिए एक जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया।

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव अजय सिंह चेरो ने कहा कि जिले में आदिवासी इतिहास और संस्कृति से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर अब भी लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि राजा मेदिनी राय और नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापना के लिए 64 दिनों तक धरना दिया गया था, लेकिन अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसी तरह, शाहपुरा किला जीर्णोद्धार के लिए 8 वर्ष पूर्व स्वीकृत 3.83 करोड़ रुपये की राशि होने के बावजूद भवन निर्माण विभाग ने कार्य पूरा नहीं किया।

बैठक में अद्धि कुड़ुख सरना समाज के जिलाध्यक्ष मिथिलेश उरांव, उपाध्यक्ष सुनील उरांव, राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह चेरो, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, प्रमुख बसंती उरांव समेत अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा, संस्कृति संरक्षण और जनजातीय छात्रावास व स्मार्ट जिला बनाने की मांग की।

# विश्व रंगमंच दिवस पर इप्टा कलाकारों का सशक्त संदेश

**● नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज को जागरूक करने का प्रयास**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की पलामू इकाई ने कचहरी परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस मौके पर इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान राजनीति ने समाज में नफरत बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की मूलभूत समस्याएं जैसे रोजगार और जीवन की आवश्यकताएं पीछे छूट गई हैं। ऐसे में हमें खुद से पूछना चाहिए–हम कैसा समाज बना रहे हैं?

इसके बाद, इप्टा कलाकारों ने 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः: सच या झूठ?' शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

नाटक की शुरूआत में कलाकार धर्मशास्त्रों में स्त्री-सम्मान से जुड़ी बातों को पोस्टरों के जरिए दिखाते हैं। नाटक में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर सवाल उठाया गया। कलाकारों ने न्यायपालिका की जवाबदेही पर जोर दिया और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। साथ ही, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बढ़ते हमलों की निंदा भी की गई।

नाटक की रचना उपेंद्र कुमार मिश्रा ने की, जबकि दृश्य कल्पना प्रेम प्रकाश द्वारा की गई। कलाकारों में उपेंद्र कुमार मिश्रा, प्रेम प्रकाश, सुरेश सिंह, संजीत कुमार दुबे, अजीत ठाकुर और संजीव कुमार संजू शामिल थे।

कार्यक्रम के अंत में अशोक निगम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर युगल पाल, शिव शंकर प्रसाद, समरेश सिंह, दिलीप दुबे, भारत भूषण, मंटू गुप्ता, अश्विनी पांडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 213 लोगों को चिकित्सा अनुदान, 186 युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण

**मेदिनीनगर।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 213 जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान और 186 युवाओं को ऋण-सह-अनुदान देने की स्वीकृति दी गई है। उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लाभुकों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के 110, अनुसूचित जाति के 45 और पिछड़ा वर्ग के 58 लाभुकों को कुल 1,45,000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जनजाति के 7, अनुसूचित जाति के 97, पिछड़ा वर्ग के 52 और अल्पसंख्यक समुदाय के 30 युवाओं को कुल 15.11 करोड़ रुपये का ऋण-सह-अनुदान पारित किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# शांति समिति की बैठक में रुटचार्ट व सुरक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

**● रामनवमी, ईद व सरहुल के आयोजन में समन्वय पर जोर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना में गुरुवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में रामनवमी, ईद तथा सरहुल के आयोजन से संबंधित सभी विभागों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने की, जबकि संचालन शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने किया।

बैठक में रामनवमी के लाइसेंस, रूटचार्ट, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, डॉक्टरों की टीम सहित विभिन्न सुविधाओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने रामनवमी जुलूस के रूट चार्ट का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश भी जारी किए।

बैठक में मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने चिंता जताई कि शांति समिति में लिए गए निर्णयों का समय पर क्रियान्वयन नहीं होता, जिसके समाधान हेतु सख्त कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही, दुर्गा जौहरी ने बिजली व्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई, जिसमें कहा गया कि जिस क्षेत्र से जुलूस निकले, उसकी बिजली आपूर्ति रोकी जाए, जबकि पूरे शहर की बिजली कटौती न्यायसंगत नहीं होगी। अतः, सदर एसडीओ ने बिजली विभाग, नगर निगम एवं हेल्थ विभाग के साथ समन्वय बनाए रखने, अखाड़े वॉलंटियर्स को पहचान पत्र निर्गत करने, नशे में न रहने एवं सीसीटीवी निगरानी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, एवं उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए डीजे पर रोक के प्रावधान के अनुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय : सुरेश राम के नेतृत्व में शांति समिति बैठक

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में रामनवमी, ईद तथा सरहुल पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश राम की अध्यक्षता में दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि त्योहारों के दौरान अश्लील गानों, शराब पीकर जुलूस में शामिल होने तथा अन्य असभ्य कृत्यों से बचा जाए। शांति समिति के सदस्यों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी वॉलंटियर्स को पहचान पत्र (आई कार्ड) प्रदान किए जाएँ, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि यदि कोई गलत मैसेज पोस्ट या व्हाट्सएप पर अफवाहें फैलाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश राम ने कहा कि त्योहार खुशियाँ और उल्लास लेकर आते हैं, अतः दोनों समुदायों को सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का आग्रह किया गया। सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता, निवर्तमान थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई आनंद सिंह, एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत कई गणमान्य नागरिक भी बैठक में शामिल हुए।

# गर्मी बढ़ते ही जल संकट, चापाकल मरम्मत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**◂◂ शिकायत के लिए व्हाट्सएप और फोन नंबर जारी**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गर्मी बढ़ते ही जल संकट गहराने लगा है। कई इलाकों में चापाकल खराब होने से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पीएचईडी (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) ने चापाकलों की मरम्मत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिससे लोग खराब पड़े चापाकलों की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### शिकायत के लिए संपर्क करें

**हरिहरगंज एवं पिपरा :** निरंकार प्रसाद (7033635734)
**हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज :** महेंद्र राम (9122448551) **चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा :** सतीश कुमार (7909050800)
**लेस्लीगंज, मेदनीनगर, सतबरवा :** सुमन कुमार (9304547779) **पांकी, विश्रामपुर, नावाबाजार, ऊंटारी रोड, पांडू :** श्रीकांत कुमार (8700546515)
**मनातू, तरहसी :** ऋतुराज सिंह (9525309700)
**छतरपुर, नौडीहा बाजार :** कुंदन कुमार (9123228839) इसके अलावा सभी प्रखंडों के बीडीओ कार्यालयों में शिकायत पंजी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

**व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिकायत भेजी जा सकती है :** 9935186845।

विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे तुरंत सूचना दें ताकि जल संकट का समाधान किया जा सके।

### अवैध कनेक्शन व पानी की बबार्दी पर लगेगा जुर्माना

**मेदिनीनगर।** गर्मी में संभावित जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने पानी बचाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि स्टैंड पोस्ट लगाकर घरेलू कनेक्शनों में नल लगाए जाएं, ताकि पानी की खपत नियंत्रित हो। साथ ही गाड़ी धोने या सड़क पर पानी बहाने जैसी लापरवाहियों से बचने की अपील की गई। नगर निगम ने चेतावनी दी कि अवैध कनेक्शन या मोटर लगाकर पानी चोरी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी और जुमार्ना भी लगाया जाएगा। निजी बोरिंग से पानी की बबार्दी करने वालों पर भी निगम दंडात्मक कार्रवाई कर सकता है। अभियान के तहत स्टेशन पानी टंकी, आईटीआई पानी टंकी, बायपास रोड, बेलवाटिका, कांदु मोहल्ला, रेडमा, कुम्हार टोली, सिंचाई कॉलोनी, गायत्री मंदिर रोड, पुलिस लाइन रोड समेत अन्य क्षेत्रों में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# महुआ चुनने गई महिला को हाथियों के झुंड ने कुचला

## वन विभाग ने परिजनों को दी तत्काल सहायता राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रमकंडा थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में महुआ चुनने गई एक बुजुर्ग महिला को हाथियों के झुंड ने कुचलकर मार डाला। मृतका की पहचान 60 वर्षीय देवमानी देवी, पत्नी रामजीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे देवमानी देवी अपने पोते-पोतियों के साथ घर के पास जंगल में महुआ चुनने गई थीं। इसी दौरान अचानक हाथियों का झुंड वहां आ गया। हाथियों को देख बच्चे तुरंत भाग निकले और अपनी दादी को भी भागने के लिए कहा, लेकिन बुजुर्ग होने के कारण देवमानी देवी समय पर नहीं भाग पाईं। हाथियों ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई, और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना पाकर रेंजर अजय टोप्पो व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। वन विभाग ने तत्काल सहायता के रूप में मृतका के परिजनों को 50,000 रुपये की राशि प्रदान की और आश्वासन दिया कि कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही पूरा मुआवजा दिया जाएगा।

# अनिल महतो की हत्या के विरोध में बंद असरदार रहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** रांची के काके चौक पर बीते शाम 4:00 बजे अपराधियों ने अनिल कुमार महतो की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके विरोध में गुरुवार को पूरे झारखंड में बंद का आह्वान किया गया। गढ़वा जिले में झारखंड कुर्मी महासभा और आजसू पार्टी के नेतृत्व में खरौंधी बाजार को बंद कराते हुए कोन मोड़ पर तीन घंटे तक जाम लगाया गया। गढ़वा जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने हेमंत सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में आम नागरिक, व्यापारी, किसान और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सरकार से अनिल महतो के हत्यारों को फांसी देने, उनके परिवार को 50 लाख का मुआवजा और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने गोरखनाथ चौधरी को गिरफ्तार कर लिया, जिससे आंदोलनकारियों में आक्रोश बढ़ गया। कुर्मी समाज और आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि जब तक अनिल महतो को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में युवा कुर्मी महासभा के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, प्रहलाद चौधरी, विद्याधर पटेल, मनोज कुमार चौधरी, अमरेश पटेल, धनवंत प्रसाद समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने निर्णय



**रंका।** थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह की सयुक्त अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक ईद, रामनवमी, सरहुल पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सोनदाग पंचायत के भलुआनी गांव से फौद्दार सिंह, रंका संजय सिन्हा, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शेखर कुमार, आशुतोष तिवारी, तमगे पंचायत के मुखिया रिंकी देवी, अजय सिंह, शोएब खलीफा, समुदिन खलीफा, डॉक्टर इस्लाम खलीफा, डॉक्टर इकरामुद्दीन खलीफा, अनुरुध सिंह, दिनेश चंद्रवंशी, रविंद्र शाह, चंदेश्वर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, पंकज कुमार, खड़िया रामनवमी पूजा समिति खरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, सिरोही खुर्द पंचायत के मुखिया कमदयाल सिंह, मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, सरहुल, ईद मनाने के लिए अपनी राय दी। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा डीजे नहीं बजाने की बात कही। साथ ही किसी भी अफवाह को सोशल मीडिया पर शेयर न करने की बात कही। किसी भी घटना को रंका थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूचना देने की बात कही। इस वर्ष एनएच 343 पर बस की आवागमन चालू रहेगा। अवैध शराब पर प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।मौके पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, रंका स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर गोरखनाथ पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### समग्र विकास को लेकर शिक्षकों को मिला टैबलेट



**खरौंधी।** प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को बीपीएम नवीन प्रकाश ने प्रखंड के 58 सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टैबलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। बच्चों का समग्र विकास सरकार की प्रतिबद्धता है, और विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराकर एक नए अध्याय की शुरूआत की गई है। इससे स्कूलों में बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण और रिपोर्टिंग कार्यों को डिजिटल माध्यम से आसान बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी सहायता मिलेगी। शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे टैबलेट का सही उपयोग करें ताकि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अनिल तिवारी,जितेंद सिंह,कामेश्वर प्रसाद सिंह,सतेंद्र दास,अरविंद साह, गोविंद उरांव,अमरेश राम,सुनील ठाकुर,सुभाष ठाकुर,अंजनी कुमार द्विवेदी,राजीव रंजन द्विवेदी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के बच्चों का औद्योगिक भ्रमण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, राजी (प्रखंड खरौंधी) के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण गुरुवार को भवनाथपुर टाउनशिप स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कराया गया। भ्रमण दल को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।भ्रमण के पूर्व विद्यालय के शिक्षक श्री देवाशीष कुमार चौबे ने छात्रों को अनुशासन बनाए रखने तथा बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को ध्यानपूर्वक समझने के लिए प्रेरित किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने केवाईसी अपडेट, राशि जमा एवं निकासी फॉर्म भरने, कंप्यूटर नेटवर्किंग, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी कई आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त की। भ्रमण दल के साथ विद्यालय के शिक्षक श्री संतोष कुमार यादव, मोहम्मद मुनीब, नजीर कुरैशी, कुमारी सावित्री, श्रीमती सविता कुमारी, व्यावसायिक प्रशिक्षक लियाकत अली अंसारी, श्री

# उपायुक्त ने कराई अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की जांच

**12 लाभुकों में 9 लाभुक पाए गयें अयोग्य**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश के अलोक में नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हलिवंताकला में जिला स्तरीय जांच दल का गठन कर अबुआ आवास के लाभुकों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान अबुआ आवास योजना अन्तर्गत स्वीकृत परिवारों के 12 घरों का भौतिक जांच,सत्यापन कराया गया। जांच के क्रम में अबुआ आवास के कुल 9 लाभुक पात्रता के विरुद्ध पाए गए। जांच के बाद प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार पाया गया कि सबिता देवी, (मुखिया) ग्राम पंचायत हलिवंताकला, मनीष कुमार, (तत्कालीन प्रखंड समन्वयक) नगर उंटारी, नंद कुमार मेहता (पंचायत सचिव) ग्राम पंचायत हलिवंताकला द्वारा सूक्ष्मता से जांच किये बगैर ही अयोग्य लाभुकों को योग्य बता कर आवास का लाभ दिलाते हुए राशि विमुक्त कराया गया है। इस प्रकार उपरोक्त पदाधिकारी,कर्मी व मुखिया को अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर राशि विमुक्त कर दिए जाने का दोषी पाया गया। उपायुक्त ने बताया कि अयोग्य लाभुकों के चयन, सत्यापन, जियो टैग, व भुगतान करने वाले सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी, मुखिया से स्पष्टीकरण पूछ गया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध आगे आवश्यक कार्रवाई व राशि वसूली का भी कार्य किया जायेगा।

# मंईयां सम्मान योजना, आवास, मनरेगा, पेंशन को लेकरअनिश्चितकालीन धरना पर बैठे बीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य सह अध्यक्ष पंचायत समिति सदस्य संघ भवनाथपुर चन्दन कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों के साथ अबुआ आवास, पीएम आवास में अनियमितता, मंईयां सम्मान राशि का भुगतान कराने, मंईयां सम्मान के लाभुकों के सुविधा के लिए पूछताछ काउंटर बनवाने, मंईयां सम्मान के सभी लाभुकों को सम्मान राशि जल्द दिलाने,मनरेगा का पुराना योजनाओं का लंबित बकाया भुकतान कराने, मनरेगा मे अनियमितता रोकने,लंबित आँगनवाड़ी केंद्र का निर्माण जल्द कराने,राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन धारिओं को बकाया भुकतान कराने, खराब चापानल मरम्मति, सभी सीएचसी मे एंटी भेनम इंजेक्शन उपलध कराने सहित अन्य मांगो को लेकर गुरुवार से प्रखंड मुख्यालय परिसर भवनाथपुर मे ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरणा पर बैठ गए। इस संबंध मे पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने बताया प्रखंड मे भ्रष्टचार को देखते हुए आंदोलन अति आवशयक है। मंईयां सम्मान पाने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट कर थक चुकी हैं। राष्ट्रीय पेंशनधारी पेंसन के लिए परेशान है। मनरेगा सहित अन्य योजना स्वीकृति के लिए लोगों को दौड़ाया जा रहा है। विभिन्न योनाओं में भ्रष्टचार बड़े पैमाने पर हावी है। पंसस चन्दन ने आंदोलन में आए प्रखंड के ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। कहा कि जब इतने जनता पीठ पर खड़ा हैं, तो कार्रवाई अवश्य होगा। सभा को समाज सेवी बरुन बिहारी यादव, सुरेश गुप्ता,मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे, धनजय गुप्ता, उप मुखिया प्रतिनिधि दयनन्द प्रजापति ने भी सम्बोधित किया. मौके पर रीता कुँवार उषा देवी, सबया खातून, सकीना खातून, कमला कुंवर, कर्मदेव राम, बिन्देसवरी बैठा, किसुंदेव राउत, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थें। धरणा स्थल पर खबर लिखें जाने तक कोई पदाधिकारी नहीं पहुचे थें।

### ईलाज के दौरान मजदूर का निधन

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के 44वर्षीय युवा की मौत से परिजन सदमे में है। मृतक के तीन पुत्र व एक लड़की है। सभी नाबालिक बच्चे है। जानकारी अनुसार दिनेश कुमार पिता बालकेसर राम उत्तर प्रदेश के हिंडालको में मजदूरी का काम कर परिवार का पालन पोषण करते थे। गत माह से मृतक दिनेश कुमार के एक पैर पतला हो गया था, जिससे उन्हें चलने में कठिनाई होने लगी थी। इसका ईलाज मेदिनीनगर व रांची के चिकित्सकों से कराया लेकिन बेहतर ईलाज नहीं हो सका। स्थिति जस के तस बनी रही। इसके बाद मेराल प्रखंड के संगबरिया में भी ईलाज कराया गया।

# उपायुक्त ने बच्चों से किया संवाद, बताया देश का भविष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत नवाचारी कार्यक्रम पूर्व व्यावसायिक शिक्षा-बस्तारहित दिवस वर्ष 2024-25 के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दलेली के वर्ग 6 से 8 के बच्चों के लिए पूर्व व्यवसायिक शिक्षा के तहत शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के बच्चों को गढ़वा रेलवे स्टेशन, अंतर्राजीय बस स्टैंड, समाहरणालय गढ़वा, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपरोक्त सार्वजनिक स्थानों के विषय में जिज्ञासु बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराने का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक भ्रमण या क्षेत्र यात्रा, छात्रों के एक समूह द्वारा नियमित कक्षा के बाहर की गई यात्रा होती है। इसका मकसद छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव कराना होता है। इससे छात्रों को कक्षा में पढ़ाए गए विषयों को समझने में मदद मिलती है। छात्रों को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकलने का मौका मिलता है तथा छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों ने समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर से मुलाकात की। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए उनके अध्ययन के बारे में पूछा गया। साथ ही बच्चों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मिले अनुभव को उपायुक्त के संग साझा किया। उपायुक्त ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। उन्होंने बच्चों को सफलता पाने हेतु प्रेरित किया तथा जीवन में आने वाले हर संघर्ष का सामना करने की बात कही। उक्त मौके पर स्कूली बच्चों के साथ सहायक अध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक जगरनाथ राम व अन्य संबंधित उपस्थित थें।

### सिविल कोर्ट के न्यायिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण

**गढ़वा।** हाईकोर्ट झारखंड के आदेश पर सिविल जज सीनियर डिविजन के पद पर कार्यरत न्यायिक पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। उनमें सीजेएम लातेहार अब्दुल नासिर को सिविल जज सीनियर डिविजन गढ़वा, डीएलएसए सेक्रेटरी जमशेदपुर राजेंद्र प्रसाद का स्थानांतरण सिविल जज सीनियर डिवीजन गढ़वा, सिविल जज सीनियर डिविजन गोड्डा से नरेंद्र कुमार का स्थानांतरण सिविल जज सीनियर डिविजन गढ़वा के पद पर स्थानंतरित किया गया है। अनुमंडलीय सिविल कोर्ट नगर ऊंटारी से सब जज शरद निशांत कुजूर का स्थानांतरण गिरिडीह मुंसीफ, साकिया कौशर का स्थानांतरण धनबाद किया गया है। सिविल कोर्ट गढ़वा में पदस्थापित सब जज वीणा कुमारी का स्थानांतरण हजारीबाग, सब जज मिस संगीता का स्थानांतरण देवघर किया गया है। रांची सिविल कोर्ट में पदस्थापित सब जज कमलेश बेहरा का स्थानांतरण अनुमंडलीय सिविल कोर्ट नगर ऊंटारी किया गया है।

## कार्रवाई

### राशि जमा नहीं करने वाले वेंडरों को ब्लैकलिस्टेड करने का निर्देश

# मनरेगा वेंडर 31 मार्च तक बकाया रॉयल्टी की राशि जमा करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी (संवाददाता)।** प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडर 31 मार्च तक यदि सभी आपूर्तिकर्ताओं ने रॉयल्टी की राशि जमा नहीं की तो उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। बीडीओ राकेश सहाय ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है। कहा कि यदि उनका एक वाउचर भी अप्रैल में क्लियर हुआ और उसका पेमेंट हुआ तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। यह सरकारी राशि के गबन का मामला है। आश्चर्य की बात है कि वेंडर इतने दिनों तक रॉयल्टी की रकम अपने पास क्यों रखते हैं और संबंधित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक बीपीओ इस पर क्यों नहीं नजर रखते हैं? उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडर 31 मार्च तक अपनी बकाया रॉयल्टी की राशि शीघ्र जमा करें। किस-किस वेंडर के पास किस-किस योजना में कितनी रॉयल्टी की राशि बाकी है इसके बारे में विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया गया है। शुक्रवार को इसकी गहन समीक्षा की जाएगी। उक्त विषय को लेकर बीडीओ ने शाम 4 बजे सभी मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक रखा है, जिसमें सभी प्रतिवेदन के साथ बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में मनरेगा के साथ आवास योजना की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में दोनों विभाग के सभी कर्मी के अलावा पंचायत सचिव भी बैठक में भाग लेंगे।

# दावते इफ्तार का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित मदरसा गुलशन ए मोहम्मदी मदरसा परिसर में गुरुवार को खाड़ी टोला के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजित इफतार में हिंदू व मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में हिन्दू समुदाय व मुस्लिम समुदाय के लोगों के शामिल होने से देश की गंगा जमुनी तहजीब कि झलक नजर आई। साथ ही इफ्तार के पूर्व सामूहिक रूप से देश में अमन चैन, आपसी भाईचारे व सभी तरह की परेशानियों से बचाव के लिए दुआ की गई। मौके पर रोजे की फजीलत बताते हुए डंडई मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना कासिद रजा ने कहा कि इस्लाम में एक माह रोजे रखना मोमिनो पर फर्ज है। रमजान का महीना बड़ा ही बरकत वाला महीना है। इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब मिलता है। हाफिज मंजर ने इफ्तार की फजीलत के बारे में बताते हुए कहा कि जिसने भी हलाल खाने या पानी से किसी मुसलमान को इफ्तार करवाया तो फरिश्ते माहे रमजान के सदके में उसके लिए इस्तगफार पढ़ते हैं। मौके पर मुख्य रूप से महेश्वर राम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, अशोक प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, सुभाष मेहता, प्यारी सिंह, संजय प्रसाद, विजय प्रसाद प्रसाद, अकलीम अंसारी, याकूब अंसारी, मौलाना जियाउद्दीन, तैयब अली, अख्तर अंसारी, अकबर अंसारी, अक्लिम अंसारी, शमी अख्तर, सुभान अंसारी, शफीक अंसारी, मुदस्सिर अंसारी, आफताब आलम सहित काफी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**OFFICE OF THE**
**GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-IV, MEDININAGAR**
**Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand**
**e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**
**e-NIT No. 609 /PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Annual Maintenance of GSS, Line and Housekeeping work at 132/25kV Railway TSS Nagar Untari for the period from 01.05.2025 to31.03.2026. |
| Period of Work | 01.05.2025 to 31.03.2026. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 5,900.00/- (Rupees Five Thousand and Nine Hundred) only. |
| Earnest Money Deposit | Rs. 31,800.00/-(Rupees Thirty One Thousand and Eight Hundred) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 29.03.2025 at 03.00 PM to 18.04.2025 upto 4:00 PM. |
| Start Date and time of upload of BID | 29.03.2025 at 03:00 PM. |
| End date and time of upload of BID | 18.04.2025 upto 04:00 PM. |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 19.04.2025 at 04:00 PM. |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on. |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
The bids will be received through electronic tendering mode only.
Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.349384 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**
**"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148 दिनांक 29.01.2025 के आलोक में चतरा जिला के जनजातीय समुदाय के संदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**–नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारंभ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियाँदी ढ़ाचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"** अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स (Components) का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजना जिसमें Community Forest Resourse (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत (केन्द्रांश 60% राज्यांश 40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुक के चयन का प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से चतरा जिला के 05 प्रखडों के कुल 18 गॉवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्ही गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने का अंतिम तिथि 12.04.2025 तक निर्धारित है। आवेदन के साथ दस्तावेजों की सूची (आवश्यकता अनुसार) अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदन के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

**लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है :–**

| क्र0. सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | राशि भूगतान की विवरणी (लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति यूनिट इनपूट सहित प्रति हे0 में) | हे0 में | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 2 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 07 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 3 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन) | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |

चतरा जिला के चिन्हित गाँवों की सूचि निम्नलिखित है, जहाँ से अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित है :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | केन्दुआसाहोर | |
| 2 | मयुरहण्ड | करमा | करमा | |
| 3 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | |
| 4 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | |
| 5 | सिमरिया | बगरा | हफुआ | |
| 6 | सिमरिया | जॉंगी | कोरी | |
| 7 | सिमरिया | पीरी | सॉंस | |
| 8 | सिमरिया | चोपे | बड़गॉव | |
| 9 | टण्डवा | पोकला अलियास कासिडीह | उड़सु | |
| 10 | टण्डवा | नावाडीह अलियास तेलियाडीह | सिदपा | |
| 11 | टण्डवा | बड़गॉव | उलातु अलियाससेमरत्नार | |
| 12 | टण्डवा | डहु | बानपुर | |
| 13 | टण्डवा | बहेरा | कान्धार | |
| 14 | टण्डवा | बहेरा | कारो | |
| 15 | टण्डवा | कल्याणपुर | मांडर | |
| 16 | टण्डवा | कल्याणपुर | कल्याणपुर | |
| 17 | टण्डवा | राहम | लारंगा | |
| 18 | टण्डवा | बेंती | कुटकी | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,चतरा

PR 349334 (Fish)24-25*D

# ईद, सरहुल, रामनवमी पर्व में विधि व्यवस्था चौकस रखें : उपायुक्त

● साइबर सेल से सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाएगी : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** ईद, सरहुल, रामनवमी पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात व निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एक साथ ईद, सरहुल और रामनवमी का त्योहार है। सभी त्योहार में शांति बनाये रखने में सहयोग करें। सभी प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक तथा फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। उपायुक्त ने विभिन्न पूजा व जुलूस समितियों, शांति समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों, जिले के गणमान्य नागरिकों के साथ संवाद किया। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि आगामी पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने का निर्देश दिया, ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जा सकें। उन्होंने अंचल अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी को रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए पूर्व में ही जुलुस के रूट मुआयना करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव में विघ्न उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध विधिसम्मत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, लातेहार विधायक प्रतिनिधि श्री अनिल कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी जुड़े थे।




## 6 पर प्राथमिकी दर्ज, 6 लाख 63 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूली

**लातेहार।** अवैध खनन रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर अवैध खनन के विरूद्ध धीमी कार्रवाई पर सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 28 फरवरी 2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण में 31 वाहनों को जब्त कर 6 प्राथमिकी दर्ज गई है। 6 लाख 63 हजार रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने खनन टॉस्क फोर्स की बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी को जितने भी चिन्हित हॉट स्पॉट है, उन सभी स्थानों पर लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, कोल कंपनियों के प्रतिनिधि व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी व संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बारियातू गांव स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय के समीप एक महिला ऑटो से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को 108 एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग में रेफर कर दिया गया। घायल महिला गंगापुर गांव के रमेश कुमार गुप्ता की पत्नी गुड़िया देवी (28) बताया जा रहा है।

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**हेरहंज।** बालूमाथ मुख्य मार्ग पर स्थित नवादा ग्राम के पास हेरहंज पुलिस व खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार के संयुक्त दल ने अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के रोकथाम को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक ट्रक को अवैध खुला परिवहन करते हुए पकड़ा गया। यह जानकारी गुरुवार थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने दी। बताया कि इस संबंध में भारतीय दंड विधान के कई धाराओं के साथ थाना में मामला दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### युवक बाल बाल बचा

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के नीम चौक के समीप गुरुवार को बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बच गया। हुआ यह की हजारीबाग के काटकमंडी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के देवनाथ शर्मा के पुत्र चुनमुन कुमार शर्मा मोटरसाइकिल से द्वारी गांव अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। बाइक घर के बाहर सड़क के किनारे लगा रहा था। इस बीच बलबल के तरफ के तेजी गति से कोल वाहन बाइक को रौंदते हुए निकल गया। बाइक छोड़ कर चुनमुन साइड लग गया, जिससे बड़ी घटना होने से वह बाल बाल बच गया। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की मदद से हाइवा वाहन को पकड़ लिया। बताया जाता है कि कोल वाहन कटकमसांडी से कोयला खाली कराकर लौट रहा था। कोल वाहन द्वारी गांव के ही बताया जा रहा है।

### रामनवमी, ईद, सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना परिसर में रामनवमी, ईद, सरहुल त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों व उपस्थित सभी समाज के पदाधिकारी से होने वाले कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही जुलूस का रूट चार्ट व अखाड़ा का लाइसेंस वालंटियर का नाम थाना में जमा करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि हमें विशेष एहतियात व निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों का संपन्न कराया जा सके। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने सभी पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों को सख्ती से निपटने की चेतावनी दी। कहा कि यदि विधि व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेंगे तो उन पर प्रशासन शक्ति से पेश आएगी। मौके पर उपस्थित पुअनि कामता कुमार, पुअनि सुमीत कुमार, हैदर अंसारी, बिकु प्रसाद, अजय प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रोशनी, धर्मेंद्र सिंह, अहमद मियां, बिट्टू प्रसाद, आयुम राजू, एसआई व जिला पुलिस बल मौजूद थे।

## विद्यालय स्तरीय त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती विद्यालय झारखंड प्रांत के निर्देश पर तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ वंदना सत्र में प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय ने दीप प्रज्जवलन कर प्रारंभ किया गया। वंदना सभागार में विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति उपाध्यक्ष प्रीति भारती के द्वारा आचार्य-दीदी को आगामी सत्र के लिए पाथेय प्राप्त हुआ। वंदना सभागार में प्रभारी प्रधानाचार्य के द्वारा त्रीदिवसीय आचार्य कार्यशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र में प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्रं, एकता मंत्र का आचार्य-दीदी जी के बीच अभ्यास कराया गया। सत्र में आचार्य दीदी द्वारा एकात्मता स्तोत्रं में उल्लेखित महापुरुषों, देवियों की जीवनी व भारतीय संस्कृति में उनकी भूमिका को बताया गया। सभी आचार्य-दीदी द्वारा विभिन्न महापुरुषों व देवियों जैसे माता सीता, माता द्रौपदी, रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्याबाई होलकर, गार्गी, मीराबाई, कुमुदिनी, माता अरुंधति, माता अनुसूया, कबीर, संत तुकाराम, गोस्वामी तुलसीदास, सूरदास, चाणक्य, राजा रवि वर्मा, बिरसा मुंडा, भगवान श्री राम, चरक, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु, महर्षि कपिल, कवि कालिदास, संत झूलेलाल, महर्षि अरविंद, स्वामी रामानंद, परम पूजनीय केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन वृत्त व भारतीय संस्कृति में योगदान को बताया गया।

## मादक पदार्थों की तस्करी व खेती की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

# अफीम व गांजा की अवैध खेती को चिह्नित कर कार्रवाई करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी व इसकी खेती पर नियंत्रण, पहचान व विनष्टीकरण, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जन जागरुकता संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान मादक द्रव्यों की बिक्री, सेवन, तस्करी, इसका दुरुपयोग और संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई के बिन्दु पर उपस्थित सभी सदस्यों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री व उपयोग पर सजगता के साथ लोगों के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखें। मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व उपभोग पर प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर पर की गई कार्रवाई की थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को अफीम की खरीद बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ जिनके द्वारा खेती की गई है, और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर निगरानी रखने व ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### स्टॉर्टर व स्टेबलाइजर की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जपुआ में किसान के खेत में लगा मोटर के पास सेचोरों ने बुधवार की देर रात स्टॉर्टर व स्टेबलाइजर की चोरी कर ली। चोरी की घटना की सूचना गुरुवार की सुबह मिली, जब किसान अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने पहुंचे। चोरी गए स्टॉर्टर व स्टेबलाइजर की कीमत 20 हजार रुपए है। स्टॉर्टर व स्टेबलाइजर किसान विनोद दांगी,शिवकुमार दांगी,बनवारी दांगी, राजू लाल वर्मा, रामानंद दांगी का बताया जा रहा है।

### विधि व्यवस्था को भंग करने वालों पर प्रशासन शक्ति से पेश आएगी : थाना प्रभारी

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना परिसर में रामनवमी, ईद, सरहुल त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों व उपस्थित सभी समाज के पदाधिकारी से होने वाले कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही जुलूस का रूट चार्ट व अखाड़ा का लाइसेंस वालंटियर का नाम थाना में जमा करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि हमें विशेष एहतियात व निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों का संपन्न कराया जा सके। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने सभी पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों को सख्ती से निपटने की चेतावनी दी। कहा कि यदि विधि व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेंगे तो उन पर प्रशासन शक्ति से पेश आएगी। मौके पर उपस्थित पुअनि कामता कुमार, पुअनि सुमीत कुमार, हैदर अंसारी, बिकु प्रसाद, अजय प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रोशनी, धर्मेंद्र सिंह, अहमद मियां, बिट्टू प्रसाद, आयुम राजू, एसआई व जिला पुलिस बल मौजूद थे।

### 15 वर्ष से अधिक लोगों को असाक्षरों को चिन्हित कर करें साक्षर : गौतम

**लातेहार।** सदर प्रखंड के परसही पंचायत में गुरुवार को एक दिवसीय जिला साक्षरता के नव साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय स्वयंसेवी शिक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साक्षरता समिति के सचिव सह जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 15 आयु वर्ग से अधिक जितने भी असाक्षर हैं, वैसे लोगों का सर्वे कर उन्हें साक्षर बनाने का काम करना है। हर विद्यालय को जन चेतना केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बीते 23 मार्च को बुनियादी सह आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया था। अगला बुनियादी सह आकलन परीक्षा सितंबर माह में किया जाएगा। सभी स्वयंसेवी शिक्षक अभी से ही इस काम में लग जाए ताकि सितंबर माह में अधिक से अधिक संख्या में और असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने का काम किया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य साधन समूह के सदस्य निलेश कुमार ,जिला साक्षरता समिति के कोऑर्डिनेटर संदीप प्रजापति, सुजीत कुमार, आलोक कुमार बीपीएम जेएलपीएसएस, पवन यादव एवं जेएलपीएसएस की दीदी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### शांति व्यवस्था के साथ त्योहार मनाने की अपील

**बारियातू।** थाना परिसर में गुरुवार को रामनवमी, सरहुल व रमजान को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि बारियातू प्रखंड क्षेत्र में पूर्व से ही सभी समुदाय के लोग त्योहार को शांति व्यवस्था के साथ मानते आए हैं, उसे बरकरार रखना है। साथ ही सरकारी गाइडलाइन का पालन करें। डीजे साउंड पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। छोटा साउंड बजाने के पूर्व गाना का जांच किया जायेगा। किसी भी प्रकार के विवादित गाना नहीं बजाना है। तनाव पूर्ण स्थिति उत्पन्न करने वाले पर शख्त कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि जुलूस में सभी अखाड़ा के समिति 10-10 स्वयंसेवी के लिए सूची बनाकर मोबाइल नंबर सहित थाना को सौंपे। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन से फोटो ग्राफी की जाएगी, इसलिए किसी भी तरह के अफवाह या जुलूस में दिग्भ्रमित करने वाले सावधान रहें। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम ने भी शांति व्यवस्था के साथ त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर निर्मल मंडल, रितेश तिग्गा, सुरेश सिंह, मिथलेश सिंह, समाज सेवी लालआशीष नाथ सहादेव सहित जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु,मुखिया केदार गंझू, सुरेश उरांव, समाजसेवी वीरेंद्र पासवान, बहादुर गंझु, कयूम मियाँ, मो. सालिम, धनेश्वर उरांव, गौतम सिंह, पूरन राम, तुला गंझू, धर्मदेव उरांव, सकिंद्र राम, संतोष ठाकुर, दिगंबर टाना भगत, कामेश्वर भोगता, उमेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुखिया व युवा नेता ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड और लातेहार जिला विभिन्न समस्याओं को लेकर नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विष्णु नगेसिया और युवा नेता शशि पन्ना ने हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखा। युवा नेता शशि पन्ना ने लातेहार जिला में हो रहे भूमि संबंधित समस्याओं को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष अवगत करवाया एवं पिछला आरसी सर्वे में त्रुटियों की जानकारी दी। शशि पन्ना ने मुख्यमंत्री का ध्यानाकृष्ट किया कि वर्ष 2019 में ही लातेहार जिला में भूमि सर्वे करने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किया गया है, परन्तु अब तक प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है। मुखिया ने कहा कि जल्द ही पंचायत में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह लगातार सरकार से संपर्क में रहकर पंचायत के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता आमिल दहंगा शामिल थे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों और निर्देशों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पिछले बैठक में कुडू से लातेहार के बीच पूरी सड़क की मरम्मती व सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने का निर्देश एनएचएआई को दिया गया था, परन्तु अभी भी कई जगहों पर गड्ढों की मरम्मती नहीं हुई है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने एनएचएआई को पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य पर असंतुष्टि जाहिर की। उपायुक्त ने अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में एनएचएआई को अमझरिया घांटी क्षेत्र में सभी अति घुमावदार सड़क पर 15 दिनों के अन्दर सर्कुलर मिरर व रम्बल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने परिवहन विभाग,थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुर्माना राशि वसूलने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआदांड बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला का आयोजन

# 212 मरीज का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया गया




नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। मेला में 212 लाभुकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें हाइपरटेंशन के 18 मैरिज, ब्रेस्ट कैंसर के 11, ओरल कैंसर के 18, शिशु स्वास्थ्य के आठ, एच बी टेस्ट आदि मरीजों का जांच किया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने बतलाया कि सिविल सर्जन लातेहार के निर्देश पर इस तरह का मेला या शिविर का आए दिन आयोजन किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को उचित इलाज के साथ स्वास्थ्य परामर्श भी दी जाती है। शिविर में दवा भी मुफ्त में मरीज को दिया जाता है। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश बड़ाइक,डॉ. अलीशा टोप्पो,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ आदि उपस्थित थे।


कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक..................../दिनांक ..............................

अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना(4th Call)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

बाजार सैरात बन्दोबस्ती

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | 24 घंटा के लिए निर्धारित वसूली दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–04.04. 2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–04.04. 2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1-0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2-30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (न्यून्तम 5000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR.NO.349359 District(24-25):D



कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

(WALK-IN-INTERVIEW)

सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरुप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश विभागीय ज्ञापांक–108(21) दिनांक–14.08.2024 द्वारा निर्गत है। उक्त दिशा–निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा Consultant के रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैनल निमार्ण हेतु Expression of Interest आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निमार्ण हेतु जारी किया किया जा रहा है। यह प्रकिया किसी निश्चित अवधि तक सीमित न होकर सतत् (Continue) जारी रहेगी, जिससे इच्छुक चिकित्सक किसी भी समय आवेदन कर सकते है।

चयन समिति द्वारा पैनल को आवश्यकतानुसार अनुमोदित किया जायेगा। तदोपरांत संबंधित अस्पताल द्वारा इनसे सेवा ली जायेगी।

निम्नांकित विशेषज्ञता/अति विशेशज्ञता विभागों हेतु विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें Consultant के रूप में वांछित हैं:–

| क्र0 | अति विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 01 | Cardiology |
| 02 | Neurology |
| 03 | Medical Oncology |
| 04 | Surgical Oncology |
| 05 | Urology |
| 06 | Nephrology |
| 07 | Medical Gastroenterology |
| 08 | Surgical Gastroenterology |

| क्र0 | विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 1 | Medicine (Physician) |
| 2 | General Surgery |
| 3 | Orthopedics |
| 4 | Obst. & Gynecology |
| 5 | Pediatrics |
| 6 | Ophthalmology |
| 7 | ENT |
| 8 | Psychiatrist |
| 9 | T.B & Chest |
| 10 | Skin & V.D |
| 11 | Anesthesiologist |

2. आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा :–
   i. विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– MBBS, MD/MS/DNB (Specialty)
   ii. अतिविशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– DM/MCH/DNB (Superspecialty)
3. पैनल निर्माण एवं चयन प्रक्रिया :–
   i. इच्छुक चिकित्सकों का चयन–Walk-in-Interview के माध्यम से किया जाएगा।
   ii. योग्य चिकित्सकों की सूची तैयार कर पैनल में शामिल किया जाएगा।
   iii. अस्पताल आवश्यकतानुसार उनसे सेवाएँ प्राप्त करेगी।
   iv. यह प्रक्रिया निरंतर (Rolling basis) पर जारी रहेगी अर्थात इच्छुक चिकित्सक कभी भी आवेदन कर सकते है और निर्धारित तिथियों पर आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते है।
   v. सरकारी नौकरी में कार्यरत चिकित्सक इन पदों के लिए योग्य नहीं होंगे।
5. सेवा की शर्त एवं Remunerations –
(क) अतिविशेषज्ञ/विशेषज्ञ चिकित्सकों (Superspeciality/Specialty Consultants) की ली जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय संकल्प सं0–108 (21) दिनांक–14.08.2024 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।
इस सबंध में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला संशोधन स्वतः प्रभावी होगा।
(ख) Consultant चिकित्सकों की सेवा का मूल्यांकन उनके Performance के आधार पर समय–समय पर किया जायेगा। Performance असंतोषजनक पाये जाने पर संबंधित चिकित्सकों को पैनल से बाहर करते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. Walk-In-Interview का स्थान :–
साक्षात्कार की तिथि–20.04.2025
समयः– 01.00 बजे अपराह्न
स्थान–जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई का सभागार
नोटः– इसके उपरान्त साक्षात्कार की तिथि सिविल सर्जन, लोहरदगा कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित की जाती रहेगी।
7. सभी इच्छुक उम्मीदवार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूपेण भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय वाक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होंगे।
8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेष रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 349344 (Lohardaga) 24-25 (D)

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर टाउन हॉल, गुमला में जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी समुदायों से सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। उपायुक्त ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रखी जाएगी, और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

# भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या पर लोहरदगा में बवाल, सरकार का फूंका पुतला

### जिला के राजनीतिक व धार्मिक संगठनों ने काला बिल्ला लगाकर तथा झारखण्ड सरकार की पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिंदू नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा और धार्मिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने झारखंड सरकार के पुतले का दहन किया और राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता व्यक्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भारतीय युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, लोहरदगा चैंबर सह विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेडा, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के महासचिव मिथुन तामेड़ा आदि ने कहा कि झारखंड में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं और राज्य सरकार इसे रोकने में विफल है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, अजय पंकज आदि ने कहा कि



पुलिस प्रशासन के बड़े पदाधिकारी लॉ एंड आर्डर को सख्ती से लागू करने का आदेश मुख्यालय से जारी तो कर देती है, पर हमेशा की तरह यह खोखली आश्वासन ही साबित होती है। अपराधियों द्वारा सरेआम घटना को अंजाम देकर झारखण्ड की लॉ एंड ऑर्डर का मखौल उड़ाना अब तो आम बात हो गयी है। मौके पर मनोज गुप्ता मन्ना, प्रवीण ठाकुर, लक्ष्मी नारायण भगत, दीपक सर्राफ भाजपा विधानसभा मांडर प्रभारी रिपुसूदन साहू, श्रीचंद प्रजापति, अशोक खत्री, अमरेश भारती, पशुपतिनाथ पारस, विश्वजीत शाहदेव, सोहन साहू, आदित्य कुमार, जीवनराज मेहता, नवीन साहू, ओम महतो, प्रदीप साहू, अभय महतो, गौरव कुमार राजकिशोर महतो, राजेश महतो, मनीष शिखर, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, निधिकान्त साहू, शामेला भगत, कलावती देवी, विक्की कांस्यकार, आकाश पंकज, सुशील पटनायक, देवाशीष कार, शिवदयाल साहू, अजय मित्तल समेत भाजपा के कई नेता और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## कोलेबिरा भंवरपहाड़ गढ़ में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस 28 से

**कोलेबिरा।** भोक्ता समाज विकास संघ भंवर पहाड़गढ़ के तत्वाधान में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस सह 42वा भोक्ता महासभा 2025 कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च एवं 29 मार्च को किया गया है।संघ के द्वारा 28 मार्च दिन शुक्रवार को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाई जाएगी तथा 29 मार्च दिन शनिवार को स्मारक स्थल भवन कोलेबिरा में सामाजिक महासभा का आयोजन किया जाएगा।

## पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू से मिले क्रिकेटर हरभजन सिंह



**लोहरदगा।** क्रिकेटर हरभजन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, हरभजन सिंह ने लोहरदगा के साहू परिवार का आभार जताया और बताया कि वे लोहरदगा आकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि साहू परिवार ने उनका और सुरेश रैना का खूब स्वागत किया और लोहरदगा की जनता ने उन्हें बहुत प्यार दिया। इस मुलाकात के दौरान, धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि जल्द ही कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े क्रिकेटर और रिटायर क्रिकेटर लोहरदगा आएंगे और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में क्रिकेट का बड़ा हब बनेगा और यह लोहरदगा के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी है। जल्द ही लोहरदगा में क्रिकेट का एक बड़ा और भव्य आयोजन होगा, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जाएगी।

## कोलेबिरा स्टेडियम में कल अभियान के तहत आचार्य अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के कोलेबिरा स्टेडियम में एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा संभाग दक्षिणी झारखंड संघ के तत्वाधान में पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग का प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया।प्रशिक्षण का उद्घाटन सच समिति के अध्यक्ष जनेश्वर बिल्हौर ने माता सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा और संस्कार शिक्षा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संघ के कुटुंब प्रबोधन जिला संयोजक मानेश्वर, अंचल व्यास चंद्रिका, शांति, संच प्रशिक्षक सुदर्शन सिंह, अभियान प्रमुख जीतवाहन, प्रशिक्षण प्रमुख फिर मोहन, एवं सभी आचार्य आचार्या उपस्थित थे।

## आधार सेंटर पर भीड़ की आफत, कोई मंईयां तो कोई राशन के लिए लगा है कतार में

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** राशन कार्ड किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है. इसी दस्तावेज में नाम सही रहा तो लोगों को आयुष्मान भारत योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है. इस बीच राशन कार्ड के लिए केवाईसी का काम भी चल रहा है, जो अंतिम चरण पर पहुंच चुका है. राशन कार्ड में केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित कर दी गई है. इसके तहत राशन कार्ड के सभी सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है. जिसके लिए लोगों का आधार कार्ड पूरी तरह से दुरुस्त रहना जरुरी है. ऐसे में आधार कार्ड को सही करवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है. प्रखंड के 45 गावों के लिए फिलहाल एक मात्र प्रखंड कार्यालय मे आधार सेंटर संचालित है जिसमे प्रति दिन भारी भीड़ उमड़ रही है. सेंटर पर हर रोज सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं. इस संदर्भ में



यूआईडी बनाने वाले राधे कुमार ने बताते हैं कि प्रखंड मे एक मात्र सेंटर पर आधार कार्ड बनाने, इसे सुधारने का काम चल रहा है. पूर्व मे मे प्रखंड के सभी पंचायत मे आधार सेंटर संचालित था पर जनवरी से सभी पंचायत मे आधार अपडेट बंद है। जिससे आधार सेंटर पर लोगों की अधिक भीड़ उमड़ पड़ी है।

### नववर्ष विक्रम संवत को लेकर जय श्रीराम समिति ने चलाया जागरुकता अभियान

# शोभा यात्रा में भारी संख्या में सनातनी होंगे शामिल : ओम महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 30 मार्च 2025 रविवार को होने वाले नववर्ष विक्रम संवत की तैयारियों को लेकर जय श्रीराम समिति ने सदर प्रखंड, कुडू प्रखंड ,सेन्हा प्रखंड एवं घाघरा में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए ललित नारायण स्टेडियम में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का भरोसा दिया ' ओम महतो ने कहा धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा खुद के हाथों में होती है। धर्म और संस्कृति से भटक कर लोग पश्चिमी सभ्यता को पकड़ चुके थे। परंतु अब लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो रही है और समिति का लक्ष्य ही लोगों को जागरूक करने का रहा है। जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने कहा नववर्ष के दिन पूजा पाठ से दिन की शुरूआत की जाती है, अच्छे पकवान हर घर में बनाए जाते हैं, संध्या बेला में घरों के बाहर दीप जलाकर हम अपनी खुशी जाहिर करते हैं। बड़े हो या






बच्चे या फिर महिलाएं सभी में नववर्ष के प्रति उमंग होता है ,जिसकी तैयारी सप्ताह भर पूर्व से की जाती है।

प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान ने कहा नववर्ष के प्रति ऐसा उत्साह और उमंग पहले कभी देखने को नहीं मिलता था समय के साथ लोग जागरुक हो रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महामंत्री प्रदीप साहू, मिनकु पासवान, रोहित साहू, पवन साहू, मंगल महतो, इंद्रजीत कुमार, घूर्णन यादव, उमेश उरांव, जीतवाहन भगत, विकास भगत, सुदर्शन जी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों से लिया जायजा

**भंडरा ।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय भूखला भगत के पुत्र सह सामाजिक कार्यकर्ता अजीत कुमार भगत ने गुरुवार को भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने गडरपो पंचायत के पलमी, सेमरा, अमदरी गांव में ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार के घरों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार के स्वजनों को ढांढस बांधा है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता पूर्व मंत्री भूखला भगत इस क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे है। उन्होंने हमेशा किसानों की चिंता करते थे। उन्होंने समृद्ध किसान, खुशहाल किसान का जो सपना देखा था। उनके सपनों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को यथा शीघ्र मुआवजा दिलाने को लेकर अधिकारियों से मुलाकात करने की बात कही है।

## विद्युत ऊर्जा चोरी मामले में तीन नामजद पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू एवं सेन्हा में बिजली विभाग का गठित टीम द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध छपेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान सेरेंगहातू निवासी स्वर्गीय रजक कुजूर का 46 वर्षीय पुत्र अंजेला कुजूर, बसंत भगत का 30 वर्षीय पुत्र सातो भगत और सेन्हा निवासी मैनेजर खान का 24 वर्षीय पुत्र सुहेल खान को विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिस पर तीनो नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में विद्युत ऊर्जा चोरी एवं विभाग का राजस्व क्षति होने का लिखित शिकायत करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया। अभियान में सारणी पुरुष फिरोज अख्तर, उपेन्द्र सिंह मानव दिवस कर्मी भोला साहू, करमचंद उराँव एवं शिवशंकर उराँव शामिल थे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक विद्युत अभियंता अजू कच्छप के लिखित शिकायत में सेन्हा थाना कांड संख्या 39/25 दर्ज कर विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत तीन नामजद पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है.जिस पर पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

### लोहरदगा में डायन बताकर हत्या करने का मामला

# पांच दोषियों को आजीवन कारावास, 12 महिलाएं साक्ष्य के अभाव में रिहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में डायन बताकर दो निर्दोष ग्रामीणों की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में एडीजे टू की अदालत ने बुधवार को पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि, 12 आरोपी महिलाओं को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने रिहा करने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार एडीजे टू निरजा आशरी की अदालत ने डायन बिसाही के आरोप दो निर्दोष ग्रामीणों की पीट कर निर्मम हत्या के मामले में सख्त फैसला सुनाया है। अदालत के इस फैसला से स्थानीय ग्रामीण इलाकों में गहरी




पैठ किए हुए अंधविश्वास की जड़ें खोखली होगी। घटना कैरो थाना क्षेत्र के एक गांव की है। गांव में एक बच्चे की मौत के बाद ग्रामीणों ने जनसभा आयोजित किया था। इसमें आरोप लगाया गया कि गांव के ही दो लोग ओझा-गुनी जादू टोना किया है। जनसभा में में घोषणा की गई थी कि, जो ग्रामीण अखाड़े में नहीं आएगा। उसे 500 रुपये जुमार्ना देना होगा। इस कारण गांव के करीब 500 लोग लाठी-डंडों के साथ वहां जमा हो गए। ग्रामीणों की भीड़ ने उन दो निर्दोष ग्रामीणों को डायन बताकर हसुये हथियार से गंभीर पिटाई कर दिया। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। दो निर्दोष ग्रामीणों की सार्वजनिक हत्या होने के बाद कैरो थाना पुलिस ने 12 महिलाओं समेत कुल 17 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया था। इस संदर्भ में अपर लोक अभियोजक सुमन कुमार ने बताया कि, हत्याकांड में अदालत ने पांच पुरुष आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि 12 आरोपी महिलाओं को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया। कहा कि, अदालत का यह फैसला समाज में डायन प्रथा और अंधविश्वास जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ एक कड़ा संदेश है। अंधविश्वास पर आधारित घटनाओं को रोकने में समाज को मदद मिलेगी। बताया गया कि, मामले में एस टी 208/15 और एस टी 100/23 के तहत बीएनएस की धारा 147, 148, 341, 323, 342, 506, 302 के अंतर्गत मुकदमा चलाया गया था। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को सख्त सजा सुनाया है। अदालत के फैसले से समाज समाज में अंधविश्वास और कुरीति के विरुद्ध ग्रामीणों में जागृति आएगी ।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत प्रायः देखा जा रहा है कि भवनों में स्थित वाटर टैंक ओवरफ्लो होने पर पानी का अतिप्रवाह किया जा रहा है। हम सभी पर यह जिम्मेवारी है कि पानी का दुरुपयोग ना करें। पानी का अतिप्रवाह होने से गर्मियों में पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। पानी का अतिप्रवाह वाटर टैंक ओवरफ्लो अलार्म नही होने एवं भवन मालिक के लापरवाही के कारण प्रायः ऐसा होता है।

अतः इस आम सूचना से सभी को सूचित किया जाता है कि अपने–अपने भवनों में स्थित वाटर टैंक में ओवरफ्लो अलार्म या अन्य विधियों के द्वारा पानी के अतिप्रवाह को रोकने का कार्य करेंगे ऐसा नही करने पर संपूर्ण जिम्मेवारी भवन मालिकों की होगी एवं उनपर जुर्माना सहित विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 349390 (Urban Development) 24-25 (D)

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद, गढ़वा के सभी नगरवासियों एवं व्यवसासिक प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचड़ों का निश्पादन कचड़े के गाड़ियों एवं कूडेदान में ही करना सुनिश्चित करें।

जो व्यक्ति सड़क/अन्य जगहों में कूड़ा फेकते हुए पाये जाते है तो उनके विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 259 के तहत गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक अवहेलना के लिए विधिवत कार्रवाई करते हुए दण्ड वसूला जायेगा।

"हम सब का एक ही नारा स्वच्छ और सुंदर रहे शहर हमारा।"

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 349388 (Urban Development)24-25*D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-48/2024-25**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/ अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित चार पहिया वाहन के टायर क्रय हेतु मुहरबंद लिफाफे के माध्यम से प्रति दर (सभी कर सहित) कोटेशन/दर आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन/दर निविदा दिनांक– 06.04.2025 को समय 2:00 बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0 सं0 | टायर का आकार | कुल संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 16.9 – 28 | 02 |
| 02 | 145/80, R12 | 02 |
| 03 | 10.00 – 20 | 02 |

अतः उपरोक्त दर समर्पित करने वाले आपूर्तिकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि दर खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

PR.NO.349313 District(24-25):D
प्रशासक, नगर परिषद बिश्रामपुर।

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 2757, दिनांक 12.10.2018 के आलोक में पलामू जिला में अवस्थित सम्प्रेक्षण गृह, पलामू के अधीन सृजित दो पदों पर यथा गृहपति एवं शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन ज्ञापांक– 1529, दिनांक 13.09.2024 द्वारा प्रकाशन करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

विभागीय निदेश एवं जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के अनुसार संशोधित सूची से गृहपति एवं शिक्षक के एकल पदों के विरूद्ध पांच गुणा शीर्ष अभ्यर्थियों का चयन करते हुए पलामू जिला के समाज कल्याण कार्यालय के सूचनापट्ट एवं वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है।

प्रत्येक पद के लिए चयनित शीर्ष प्रारंभिक सूची में शामिल अभ्यर्थियों का पदवार दिनांक 29.03.2025 को कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग जांच परीक्षा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC), समाहरणालय, पलामू में 11:30 बजे पूर्वाह्न से ली जायेगी। जांच परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अथवा ससमय उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 349418 (District) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/26/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत भुसूर में Integrated Sports Cum Knowledge Center में Construction of Multipurpose Auditorium का कार्य। | 49989500 | 999800 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2025 से दिनांक 28.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.04.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 349397 Rural Development(24-25)#D

## भरनो नवाटोली के अंजनी कुमार दास का आकस्मिक निधन


फाइल फोटो

**भरनो (गुमला)।** भरनो नवाटोली निवासी अंजनी कुमार दास उर्फ पप्पू (53) का गुरुवार शाम अचानक निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से लीवर की बीमारी से ग्रसित थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह 10 बजे होगा अंतिम संस्कार परिजनों के मुताबिक, शव का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 10 बजे भरनो मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंजनी कुमार दास के निधन की खबर से भरनो क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों, परिचितों और शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मृतक के बड़े भाई अश्विनी कुमार दास ने बताया कि बीमारी के कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा था। अंजनी कुमार दास अपने व्यवहार और मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके असमय निधन से परिवार, रिश्तेदार और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### गुमला में त्योहारों को लेकर प्रशासन सख्त

# शांति और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आगामी ईद, रामनवमी और सरहुल को लेकर गुमला समाहरणालय भवन स्थित सभागार में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। इसमें सभी अनुमंडल दंडाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी शामिल हुए।




**सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर विशेष जोर**

बैठक में त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को रूट वेरिफिकेशन, विवादास्पद स्थलों की निगरानी, शहरी क्षेत्रों में उउळश की तैनाती, ग्रामीण इलाकों में वीडियोग्राफी और लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**रामनवमी जुलूस में भड़काऊ गानों पर रोक**

रामनवमी जुलूस में बजने वाले डीजे गानों की पूर्व जांच एवं सत्यापन का सख्त निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी पहले से ही पेन ड्राइव में रिकॉर्डेड गानों की जांच करें और किसी भी भड़काऊ गाने को प्रतिबंधित करें। साथ ही, डीजे संचालकों से लिखित अंडरटेकिंग ली जाए कि वे अशांतिदायक संगीत नहीं बजाएंगे।

### सिसई विधायक ने उठाई आवाज

## विधानसभा में गूंजी भरनो के रैयतों की जमीन और मुआवजे की समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने गुमला जिले के भरनो प्रखंड में 1994 के हाल सर्वे के आधार पर हो रहे जमीन के ऑनलाइन खतियान और पंजी-2 में गड़बड़ियों का मामला विधानसभा में उठाया। उन्होंने सरकार से रैयतों की जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की।

**मुआवजे का भी मुद्दा उठाया**

विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने विगत दिनों ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई किसानों के घर, फसल और पशुधन को भारी क्षति पहुंची है, लेकिन अब तक प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिला।

**विधानसभा में गैर सरकारी संकल्प के जरिए सरकार से जवाब-तलब**

विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस पर विभागीय मंत्री दीपक सिंह विरुवा ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।


**E-Procurement Cell**
**Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Lohardaga.**
**E- Mail :- eebcdlohardaga-jhr@nic.in**

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Ref. No. 02/2024-25/EE/BCD/LOHARDAGA**

**Date :- 27/03/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Proposed Construction of Bar Council Building Lohardaga, Jharkhand. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 4,71,90,700=00 ( Four Crore Seventy One Lakh Ninety Thousand Seven Hundred Rupees) only. |
| 3 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 08/04/2025, 11:00 A.M. |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 21/04/2025, 11:00 A.M. |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee. | 21/04/2025, 11:00 A.M. |
| 7 | Date Time of Opening of Bid | 22/04/2025, 11:00 A.M. |
| 8 | Name & Address of Office Inviting Tender | EE, BCD, Building Division, Lohardaga, |
| 9 | Contact Number of Procurement Officer | 9199198828 |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | 06526-222750 |

- Any change can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
- Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Building Construction Department
Building Division, Lohardaga.

PR 349420
Lohardaga(24-25).D


## गुमला में चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** पुलिस ने सदर अस्पताल के नव निर्माण भवन में कार्यरत एक निजी इंजीनियर के घर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है।

**घटना का विवरण**

वादी रोहित कुमार (31 वर्ष), जो वर्तमान में आरएस अग्रवाल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं, ने 16 अगस्त 2024 को गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, रात 2:00 बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर दो मोबाइल और एक एचपी लैपटॉप चोरी कर लिया था। इस मामले में गुमला थाना कांड संख्या-306/24 के तहत धारा 331(4)/305 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**गिरफ्तार आरोपी:**

**पुलिस ने जांच के दौरान 26 मार्च 2025 को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया—**

रोहित सिंह उर्फ जट्टा (23 वर्ष), निवासी दुर्गा नगर, वर्तमान पता बडाईक मोहल्ला, गुमला।

सुमित मिश्रा उर्फ टोकन पंडित (24 वर्ष), निवासी एसएस हाई स्कूल देवी मंदिर, गुमला, वर्तमान पता लक्ष्मण नगर, गुमला।

## गुमला में भीषण सड़क हादसा, दो ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** गुमला-सिमडेगा मार्ग पर पालकोट के चौक टंगरा के पास बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर के बाद आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में बिलासपुर के सिंगा निवासी ट्रक चालक कुबेर गोस्वामी की जिंदा जलकर मौत हो गई।

**कैसे हुआ हादसा?**

घटना बुधवार देर रात की है, जब अंबिकापुर के अंबा गांव से टाटा की ओर जा रहा कोयला लदा ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग लग गई और वे धू-धूकर



जलने लगे।

**दमकल की दो घंटे की कड़ी मशक्कत**

घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसोंदी ने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन कोयला लदा ट्रक अब भी सुलग रहा है, जिससे किसी और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## रुद्रपुर गांव में बकरी चोरी से दहशत पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत स्थित रुद्रपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों से कुल 7 बकरियां चोरी कर लीं। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है।

**घटना का विवरण**

गांव के एब्रीन केरकेट्टा और इग्नासियूस केरकेट्टा ने बताया कि उन्होंने शाम को अपनी बकरियों को घर के अंदर बांध दिया था, लेकिन रात में अज्ञात चोर दरवाजा तोड़कर बकरियों को चुरा ले गए। सुबह जब उन्होंने बकरियों को खोलने के लिए दरवाजा खोला, तो चोरी का पता चला।

इस चोरी में एब्रीन केरकेट्टा की 6 और इग्नासियूस केरकेट्टा की 1 बकरी चोरी हो गई।

**ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश:**

ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लगातार बकरी चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**ग्रामीणों की चेतावनी**

पीड़ितों और ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बकरी चोरों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

इस वारदात ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और ग्रामीण अब अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई करने की जरूरत है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(चोरी गई मोटरसाईकिल)**

भण्डरिया थाना कांड सं0–96/24 दिनांक–09.12.24 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– CG15CL-9453 इंजन नं0– JA05ECD9C04167 एवं चेचिस नं0– MBLJA05EKB9C04388 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 349357 Police (24-25)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम– (1) प्राथमिकी अभियुक्त राजकुमार रजवार, पे0–तिलकधारी रजवार, सा0–जतरो, थाना–काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप कांडी थाना कांड सं0–74/2019 दिनांक–06.08.2019 धारा–379, 506, 498(ए), 34, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्रीमति विणा कुमारी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–08.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्रीमति विणा कुमारी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 349354 Police (24-25)_D



**कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार**

**पलामू जिला में दुधारू पशु शिविर का आयोजन**
**गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/पशुपालकों के लिए आम सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु पूर्व से जिला स्तरीय दुधारू पशु शिविर का आयोजन दिनांक– 12.03.2025 से किया जा रहा है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि जिला स्तरीय दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशु शिविर चल रही है एवं नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक संख्या में शंकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु शिविर में भाग लें।

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 08–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय व्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला स्तरीय दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज में आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली एवं पानी की सुविधा जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज द्वारा प्रदान की जाएगी तथा पशु का चारा–दाना एवं उनके रख–रखाव का साधन दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा स्वयं मेला परिसर में किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 349326 District(24-25).D



**कार्यालय, अंचल अधिकारी, सदर मेदिनीनगर**
**Email. : cosadar.med@gmail.com, Mob. : 7909017055**

**आम सूचना**

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक–289, दिनांक–10.03.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि Construction of ROB at EP No.-291//27, 291/28 between Daltonganj to Rajhara Railway near Bajraha village at Palamau in the State of Jharkhand Uner Central Road Fund for the Year 2022-23. Job No.- (CRG-JHR-2022-23-65) पथ परियोजना हेतु रकबा– 16.745 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत ग्राम–बजराहा में रकबा–4.053 एकड़ ग्राम– टिकुलिया में रकबा–5.973 एकड़ एवं ग्राम– सिंगरा में रकबा– 0.944 एकड़ अधिग्रहण किया जाना है। उक्त आलोक में अंचल अमीन एवं राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा प्राथमिक जांच पूर्ण कर ली गयी है। संबंधित मौजा के हितबद्ध रैयतों से भूमि संबंधित राजस्व कागजात एवं बंशावली प्राप्त करने तथा रैयतों को अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एक कैम्प का आयोजन किया जाता है जिसका विवरणी निम्नवती है:–

| क्र0सं0 | कैम्प का स्थान | दिनांक | संबंधित ग्राम/मौजा | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंगरा खुर्द षिव मंदिर प्रांगण में। | 29.03.2025, दिन–शनिवार, समय– 11:00 बजे पूर्वाह्न से | ग्राम–सिंगरा खुर्द, बजराहा एवं टिकुलिया के रैयतों हेतु | |

अंचल अधिकारी,
सदर मेदिनीनगर

PR 349405 District(24-25)#D



**कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,लोहरदगा**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा**

**ई0 आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :–03/2024–25/NREP/LOHARDAGA दिनांक 27.03.25

कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/ LOHARDAGA/ 03/2024-25 | राजकीयकृत मध्य विद्यायल जुरिया में 4 ACR निर्माण | 35,76,724.00 | पैंतीस लाख छेहतर हजार सात सौ चौबीस रूपये मात्र। | दो माह | प्रथम |
| | | राजकीय उत्कृष्ट उच्च विद्यालय नगजुआ में 4 ACR एवं 02 यूनिट शौचालय निर्माण | 39,41,217.00 | उनचालीस लाख एकतालीस हजार दो सौ सतरह रूपये मात्र। | दो माह | प्रथम |
| | | ग्राम मसमानों में राजकीकृत उच्च विद्यालय मसमानों में अतिरिक्त कमरा निर्माण | 49,86,922.00 | उनचास लाख छेयासी नौ सौ बाईस रूपये मात्र। | दो माह | प्रथम |

2:–वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि :– 05.04.2025
3:–ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :– 21.04.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4:–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5:–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।
6:– ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005
7:– निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग/ भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकते हैं।
8:– संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।
नोट:– निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

PR.NO.349378 Lohardaga(24-25):D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401**
**दूरभाष: (06541) 253924, इमेल–chatrajepc@ymail.com**

**नामांकन संबंधी सूचना**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) C के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25% सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन**

निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अन्तर्गत निर्धारित प्रावधान के अनुसार निम्नांकित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की न्यूनतम 25% सीट पर जिले के पाँच विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन हेतु Online Portal, https://rtechatra.in तैयार किया गया है। ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 28.03.2025 से 12.04.2025 निर्धारित की गई है। नामांकन संबंधी विस्तृत दिशा–निदेश जिले के NIC पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र.स. | विद्यालय का नाम | प्रवेश कक्षा | प्रवेश वर्ग में कुल सीट | 25% नामांकन हेतु सीट की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल चतरा | नर्सरी | 30 | 8 |
| 2 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल,बचरा,चतरा | नर्सरी | 25 | 6 |
| 3 | ईन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर,चतरा | नर्सरी | 36 | 9 |
| 4 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल NTPC टण्डवा, चतरा | नर्सरी | 24 | 6 |
| 5 | कृष्णा किड्स पब्लिक स्कूल, चतरा | नर्सरी | 40 | 10 |

अतएव वैसे सभी बच्चे अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनो से अपील है कि इसका अपने स्तर से भी विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उन बच्चों के नामांकन हेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन करायेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यकम पदाधिकारी, झा0शि0प0,चतरा

PR 349331 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)



**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**सूचना**

**निदेशानुसार** एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के नियंत्रणाधीन चतरा जिले में नये अधिष्ठापित आवासीय बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में 25 नये बालिका प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन खोज/ट्रायल का आयोजन दिनांक 12.04.2025 से 13.04.2025 तक किया जाना निर्धारित है।

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रतिभा चयन का स्थल | वर्ग | संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक का नाम एवं दूरभाष संख्या | निर्धारित तिथि व समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा। | फुटबॉल | जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा। | बालिका वर्ग | सुश्री प्रेरणा मिश्रा, मो0 नं0–9691320098 | 12.04.2025 एवं 13.04.2025 8:00 बजे पूर्वा0 से 4:00 बजे अपराहन तक। | |

दिशा निर्देश :–

1. चतरा जिलान्तर्गत नये अधिष्ठापित आवासीय बालिका फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में निर्धारित कुल 25 बालिका खिलाड़ियों की रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को झारखण्ड राज्य का निवासी होनी अनिवार्य होगा।
4. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकन हेतु 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड एवं दो पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)। वैसे खिलाड़ी जो 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम–से–कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
5. विभाग द्वारा संचालित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र/क्रीड़ा क्रिसलय केन्द्र के वैसे खिलाड़ी, जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियन में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे सीधे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
6. मेडिकल फिटनेस–चयनित खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
7. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।
8. उक्त प्रतिभा चयन खोज/ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र चतरा जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.inसे डाउनलोड कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु उपरोक्त संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक के मोबाईल नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय चतरा में संपर्क कर सकते है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 349324 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरंतर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### टैरिफ युद्ध के समय में म्यूचुअल फंड

शेयर बाजारों में उठापटक जारी है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी बाजारों में जबर्दस्त तेजी आई, लेकिन उसके बाद टैरिफ युद्ध की वजह से भयंकर गिरावट देखने को मिली। निवेशकों के खरबों डॉलर छूमंतर हो गए और अमेरिका में मंदी की आशंका पैदा हो गई है, जिससे शेयर बाजारों में और गिरावट देखने को आ रही है। अभी वहां घोर अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी बाजारों में इस अभूतपूर्व गिरावट से दुनिया भर के बाजार प्रभावित हुए हैं। यूरोपीय देशों से भी ट्रंप ने व्यापार युद्ध शुरू कर रखा है और कनाडा, मेक्सिको की तरह उन्हें भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिससे वहां के बाजार भी हिल गए हैं। इन सब से भारत भी अछूता नहीं रहा है और हमने देखा कि शेयर बाजार धड़ाम हो गए। निवेशकों में खलबली मच गई और बड़ी तादाद में लोग बिकवाली पर उतर आए। बगैर समझे-बूझे वे अपने स्टॉक बेचने लगे। सितंबर 2024 से जनवरी 2025 तक बीएसई सूचकांक में लगभग 12 फीसदी की गिरावट देखी गई। एक सर्वे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024 की समाप्ति के समय सूचीबद्ध 1,231 कंपनियों में 50 फीसदी से भी ज्यादा की गिरावट रही। मिडकैप के कुछ शेयर तो 71 फीसदी तक गिरे हैं और स्मॉलकैप के शेयरों में भी तबाही आई। इसके पीछे मुख्य कारण वैश्विक आर्थिक चिंता, घरेलू आर्थिक समस्याएं और कुछ हद तक कई कंपनियों का लचर प्रदर्शन रहा है। यह भी एक सच्चाई है कि शेयर बाजार सेंटीमेंट यानी अवधारणा पर चलते हैं। अगर सेंटीमेंट उच्च हों, तो परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, बाजार ऊपर जाता ही है। निवेशक उस समय तार्किक बातें नहीं करता है और धन लगाने को तैयार रहता है। ठीक इसके विपरीत की स्थिति में वह निवेश से कतराता है। इस समय परिस्थितियां उलट हैं। बार-बार पूछा जा रहा है कि शेयर मार्केट के बाद क्या म्यूचुअल फंड भी उतने ही उठापटक वाले हैं? सवाल वाजिब है, क्योंकि म्यूचुअल फंड भी तो आखिर शेयर बाजार में निवेश करते हैं। इसका जवाब है कि इनमें उतना खतरा नहीं रहता, जितना शेयर बाजार में है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि निवेशक म्यूचुअल फंडों में निवेश दीर्घकालिक आधार पर करते हैं। समझदार निवेशक अपनी आने वाली जरूरतों के हिसाब से इनमें पैसा लगाते हैं, क्योंकि इसमें पारदर्शिता बहुत है और हर दिन का लेखा-जोखा निवेशक को मिलता रहता है। समझदार निवेशक उतावलापन नहीं दिखाते। वे इससे लाभान्वित होते हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि बढ़ती अनिश्चितता के बीच व्यक्तिगत वित्त के पारंपरिक नियम अब भी कायम हैं। अपनी हर तरह की जरूरतों के लिए एक वित्तीय योजना बनाने वाले कभी भी नुकसान नहीं उठाते हैं। आप अपने छह महीने के आपातकालीन फंड को रखें या यदि आप सेवानिवृत्त हैं, तो तीन से पांच साल के खर्चों के बराबर। साथ ही अगले साल की योजनाओं के लिए आपको जो पैसे चाहिए, उन्हें नकद और नकद समकक्ष जैसे कि अल्पकालिक ट्रेजरी और सीडी में रखें। उदाहरण के लिए, अगले साल आप जो घर या कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, उसके लिए फंड को अधिक रिटर्न वाले बचत कोष में रखा जा सकता है। म्यूचुअल फंडों में निवेश कहीं बेहतर और वैज्ञानिक तरीके से होता है।

> *अमेरिकी बाजारों में इस अभूतपूर्व गिरावट से दुनिया भर के बाजार प्रभावित हुए हैं।*

# वक्फ (संशोधन) विधेयक किस तरह चिंताओं व मुद्दों का समाधान करता है





आज की बात

**हर्ष रंजन**
वरिष्ठ पत्रकार

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, "उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे।

वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा। यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है।

विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं। जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा। इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं। हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा। अंत में, इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। कुल मिलाकर, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, अनधिकृत दावों को रोकने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी सुधारों को पेश करता है। पारदर्शिता, कानूनी स्वामित्व सत्यापन और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देकर, विधेयक मुस्लिम समुदाय और बाकी जनता दोनों के हितों की रक्षा करते हुए वक्फ बोर्डों की विश्वसनीयता बहाल करना चाहता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आप की बात

### बाबूजी की रोटी



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

बाबूजी कभी रिटायर नहीं हुए। सरकारी दफ्तर से हुए होंगे, लेकिन घर-गृहस्थी के दफ्तर में तो आज भी वही फाइलें निपटा रहे हैं- दूध लाना, सब्ज़ी तौलना, किराने का हिसाब रखना, बिजली का बिल भरना, और बीच-बीच में पड़ोसियों के बच्चों को जीवन के 'अनमोल ज्ञान' बाँटना। वह ज्ञान, जिसे सुनकर बच्चे भी मोबाइल के स्क्रीन में मुँह गाड़ने का बहाना खोज लेते हैं। घर में उनकी स्थिति वही थी जो पुराने ज़माने की एल्बम की होती है- कोई देखता नहीं, लेकिन फेंकता भी नहीं। रिटायरमेंट के बाद बाबूजी को परिवार में ठीक उसी तरह रखा गया, जैसे शादी के खाने में बचे हुए गुलाब जामुन- सबको पता होता है कि पड़े हैं, लेकिन कोई पूछता नहीं। "बाबूजी, आप आराम कीजिए!" यह वाक्य बहू-बेटे के प्रेम से अधिक, उन्हें किनारे करने की प्रशासनिक कार्यवाही लगती थी। बेटा प्रमोशन पाकर बिजी हो गया, बहू ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त थी और पोते-पोतियाँ इंस्टाग्राम पर स्वदेशी संस्कृति की बातें कर रहे थे। इस बीच बाबूजी अचार के मर्तबान खोलकर पुराने दिनों को सूँघते रहते थे। एक दिन बाबूजी ने ऐलान कर दिया, "आज से अपनी रोटी खुद बनाऊँगा!" यह सुनते ही घर में वही माहौल बन गया जो सरकार के नए बजट सुनने के बाद जनता में बनता है- चुप्पी, चिंता और कटाक्ष! बहू ने पानी पीते-पीते हिचकी ली, बेटा अख़बार के पीछे छुप गया और पोती ने गूगल पर सर्च किया- "रिटायर्ड लोग मानसिक संतुलन क्यों खोते हैं?" दादीजी ने समझाने की कोशिश की, "अरे, खाना तो बना बनाया मिलेगा, तुम क्यों तकलीफ कर रहे हो?" बाबूजी ने मुस्कराकर जवाब दिया, "बिटिया, अब हमें तकलीफ नहीं होती, तकलीफ सहने की आदत हो गई है!" **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### आकाशवाणी फरमाइशी कार्यक्रम बढ़ाए

**झारखंड** में पांच आकाशवाणी केंद्र हैं।



1. रांची, 2. हजारीबाग, 3. जमशेदपुर, 4. चाईबासा, 5. डाल्टेनगंज। इनके RJs भी बहुत मेहनती हैं। काम करने की इच्छा शक्ति की उनमें कमी नहीं है। मगर श्रोताओं से जुड़े फरमाइशी कार्यक्रमों की कमी के वजह से ये सभी आकाशवाणी केन्द्र एक सीमा में सिमट के रह गए हैं। केन्द्र निदेशक और सूचना प्रसारण को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान सरकार को चाहिए कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय से मिलकर पहल करें। नहीं तो इन आकाशवाणी केन्द्रों का होना न होना बेमायने है।

**महेन्द्र मोदी**
मैनेजिंग डायरेक्टर, ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आफ इंडिया।(रामगढ़)

# झारखंड में बढ़ती पत्थरबाजी संप्रदायिक सौहार्द के लिए बड़ा खतरा

अलग बात



**विजय केसरी**




झारखंड में विभिन्न हिंदू धर्म के त्योहारों के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों पर पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं। ये पत्थरबाजी की घटनाएं संप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की दिशा में एक बड़े खतरे के समान उपस्थित हो चुकी हैं। एक के बाद एक बढ़ती पत्थरबाजी की घटनाएं कई नए सवालों को भी खड़ा कर रही हैं। हर हाल में इस पर विराम लगना चाहिए। साथ ही पत्थरबाजी के पीछे पत्थरबाजों की क्या मंशा है , इस बात का पता भी राज्य सरकार को लगाना चाहिए। पत्थरबाजी में लिप्त दोषियों के विरुद्ध ईमानदारी पूर्वक कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्थरबाजी के लिए उत्प्रेरित करने वाले मुट्ठी भर लोगों को चिन्हित करने की जरूरत है। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है। तभी झारखंड में सांप्रदायिक सौहार्द्र बना रहेगा। पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर किसी भी स्तर पर राजनीति करना उचित नहीं है । और न ही इसे राजनीतिक चश्मे से देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही पत्थरबाजी को वोट की राजनीति से भी नहीं जोड़ा जाना चाहिए। पत्थरबाजी से समाज में सांप्रदायिकता का माहौल बन जाता है। और न चाहते हुए भी जान माल की बड़ी हानि हो जाती है। इसलिए एक आपराधिक घटना की तरह ही पत्थरबाजी को लिया जाए और पत्थरबाजों के विरुद्ध सघन कानून सम्मत कार्रवाई ही इसका निदान है। ऐसी घटनाओं से आए दिन प्रांत का संप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ता चला जा रहा है, जो किसी भी मायने में उचित नहीं है । पत्थरबाजी की घटनाओं से समाज में अकारण अफरा तफरी मच जाती है। सार्वजनिक संपत्तियों से लेकर सरकारी संपत्तियों की भी बड़ी हानि होती है। वहीं दूसरी ओर ऐसी घटनाओं के होने पर कुछ लोगों की जानें तक चली जाती हैं। पत्थरबाजी जैसी घटना किसी भी सूरत में एक सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है । झारखंड के 24 जिलों में निवास करने वाले सभी धर्म, पंथ, के लोग बरसों से एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते चले आ रहे हैं । विविधता ही हमारी पहचान बन गई है। हम सब मिलजुल कर झारखंड के विकास को गति प्रदान करते चले आ रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसी शक्तियां हमारे बीच आ गई हैं, जो बरसों से हम सबों की मिलजुल कर रहने की संस्कृति पर हमला कर रही हैं। इन अवांछित शक्तियों के विरुद्ध मिलजुल कर लड़ने की जरूरत है। ऐसी अवांछित शक्तियों को बेनकाब करने की जरूरत है। साथ ही समाज में रहने वाले हर एक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि ऐसी शक्तियों के बहकावे में न आएं। ऐसी अवांछित शक्तियां हमारी नव पीढ़ी को दिग्भ्रमित कर उनसे पत्थरबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम दिलवाने में लगी हुई हैं। ऐसी शक्तियों से पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। ऐसी शक्तियों को समाज में किसी भी तरह का प्रश्रय नहीं मिलना चाहिए। तभी पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर विराम लग सकती है। गत मंगलवार को हजारीबाग में मंगला जुलूस के दौरान रात्रि साढ़े दस बजे के लगभग जिस तरह पत्थरबाजी की घटना घटी, फलस्वरुप मेन रोड में भगदड़ मच गई। लोग भागने लगे। अफवाहों का बाजार गरम होने लगा। इस पत्थर बाजी की घटना में कई लोग घायल भी हो गए। पुलिस कर्मियों सहित एक दो अधिकारी चोटिल हो गए। एक सांप्रदायिकता का माहौल बन गया था। पुलिस कर्मियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फायरिंग और लाठी चार्ज तक करनी पड़ी। अब सवाल यह उठता है कि पत्थरबाजों ने ऐसा क्यों किया? ऐसा कर पत्थरबाज क्या साबित करना चाहते हैं? इसका एक ही जवाब यह है कि पत्थरबाज हम सबों की मिलजुल कर रहने की संस्कृति को बिगाड़ना चाहते हैं। इसलिए हजारीबाग जिला प्रशासन का फर्ज बनता है कि ऐसे पत्थरबाजों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई घटना जन्म ही न ले।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

उछल- कूद, छीना-झपट , करने के थे ख्वाब।
वक्त नशे में था, अभी, उतर रहा है सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रंग से नहीं, काबिलियत से तय होती है पहचान

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

रंग-एक ऐसा शब्द, जो सिर्फ चमक या छाया नहीं, बल्कि समाज की गहरी दरारों का प्रतीक बन चुका है। यह वह जहरीला बीज है, जो सदियों से भारतीय समाज की मिट्टी में बोया गया और आज भी इसकी जहरीली फसल हमारे आत्मसम्मान को लील रही है। खासकर महिलाएँ-जिनकी पहचान, योग्यता और सपनों को रंग के इस पैमाने पर तौला जाता है। यह शर्मिंदगी की बात है कि आधुनिकता का ढिंढोरा पीटने वाला हमारा समाज आज भी गोरे और काले के भेद में उलझा हुआ है। लेकिन इस अंधेरे में एक चिंगारी जली-केरल की पहली महिला मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने रंगभेद की इस कुत्सित मानसिकता पर ऐसा प्रहार किया कि समाज का चेहरा शर्म से झुक गया। उनके साहस ने न सिर्फ एक बहस छेड़ी, बल्कि यह साबित कर दिया कि सफलता का कोई रंग नहीं होता-वह तो मेहनत, आत्मविश्वास और काबिलियत का प्रकाश है। शारदा मुरलीधरन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयाँ उजागर कीं। उनके सांवले रंग को बचपन से ही निशाना बनाया गया। ताने, कटाक्ष और अपमान उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे। समाज ने उनके रंग को उनकी पहचान से बड़ा बना दिया, उनकी प्रतिभा को कुचलने की कोशिश की। लेकिन शारदा ने हार नहीं मानी। मेहनत और लगन से उन्होंने न सिर्फ ऊँचा मुकाम हासिल किया, बल्कि केरल की मुख्य सचिव बनकर इतिहास रच दिया। मगर समाज की संकीर्ण सोच यहाँ भी पीछे नहीं हटी। एक शख्स ने उनकी कार्यशैली की तुलना उनके पति से करते हुए बेहूदा टिप्पणी कीः "वह उतनी ही काली हैं, जितना उनके पति गोरे थे।" यह टिप्पणी सिर्फ एक शब्द नहीं थी-यह समाज की उस गहरी बीमारी का लक्षण थी, जो रंग को इंसान की कीमत का पैमाना मानती है। लेकिन शारदा ने इस अपमान का जवाब ऐसा दिया कि समाज की नींद उड़ गई। उन्होंने बुलंद आवाज में कहा, "मुझे मेरा रंग पसंद है। मुझे इस पर गर्व है।" यह जवाब सिर्फ उस शख्स के लिए नहीं था-यह हर उस सोच को चुनौती थी जो गोरे रंग को सुंदरता का ताज पहनाती है और सांवले रंग को अपमान की गहराई में धकेलती है। शारदा ने साफ कर दिया कि असली सुंदरता रंग में नहीं, आत्मविश्वास और प्रतिभा में बसती है। उनकी यह प्रतिक्रिया एक तूफान बन गई-जिसने समाज की चुप्पी को तोड़ा और रंगभेद के खिलाफ एक नई जंग की शुरुआत की। यह सवाल अब हर जुबान पर है-आखिर क्यों गोरे रंग को ही श्रेष्ठता का पर्याय माना जाता है? क्यों सांवले रंग को हीनता की नजर से देखा जाता है? शारदा मुरलीधरन की यह बेबाकी उन लाखों महिलाओं के लिए मशाल बन गई, जो अपने रंग-रूप के कारण खुद को कमतर समझती हैं। उनकी आवाज ने समाज को आईना दिखाया और बदलाव की एक उम्मीद जगाई। यह सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है-यह उस दर्द की पुकार है, जो हर सांवली लड़की ने कभी न कभी महसूस किया है। यह उस संघर्ष की गाथा है, जो हर उस इंसान ने जिया है, जिसे उसके रंग के कारण हाशिए पर धकेल दिया गया। भारतीय समाज में रंगभेद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे हमारी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी हैं। बचपन से ही बच्चों के दिमाग में यह बात ठूँस दी जाती है कि गोरा रंग ही सुंदरता का प्रतीक है। टेलीविजन पर विज्ञापन हों या फिल्मों के गीत—हर जगह गोरे रंग को महिमामंडित किया जाता है। "फेयर एंड लवली" जैसी क्रीम्स की बिक्री इस सोच को और हवा देती है। शादी-विवाह में यह भेदभाव अपने चरम पर पहुँच जाता है। "गोरी बहू" की माँग आज भी हर परिवार की पहली शर्त होती है। सांवले रंग की लड़कियों को न सिर्फ अपमान सहना पड़ता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी कुचल दिया जाता है। यह एक ऐसी सजा है, जो बिना जुर्म के दी जाती है। महिलाओं के लिए यह भेदभाव और भी क्रूर हो जाता है। चाहे वे कितना भी पढ़-लिख लें, कितना भी बड़ा मुकाम हासिल कर लें, उनकी पहचान उनके रंग से जोड़ दी जाती है। शारदा मुरलीधरन इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और काबिलियत से एक ऊँचा पद हासिल किया, लेकिन समाज ने उनकी सफलता को उनके रंग के चश्मे से देखा। यह सिर्फ उनकी कहानी नहीं है-यह हर उस महिला की कहानी है, जिसे उसके रंग के कारण जज किया गया। यह उस मानसिकता का सबूत है, जो योग्यता को रंग के तराजू पर तौलती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 2.18 लाख ग्राम पंचायतों में हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए भारतनेट लिंक उपलब्ध : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की कुल 2.68 लाख ग्राम पंचायतों में से 2.18 लाख ग्राम पंचायतों को भारतनेट परियोजना के तहत हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार कर लिया गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में दी गई। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री, एसपी सिंह बघेल ने राज्य सभा में लिखित जवाब में कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस (डीओटी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से देश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सभा को बताया कि सभी राज्य अपने पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) को क्रियान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं। डीओटी की ओर से कहा गया कि सरकार की योजना भारतनेट प्रोजेक्ट मार्च 2027 तक पूरा करने की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतनेट के तहत बनाए गए इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइन, डार्क फाइबर और मोबाइल टावरों तक बैकहॉल जैसी ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।



**डीओटी** की ओर से कहा गया कि सरकार की योजना भारतनेट प्रोजेक्ट मार्च 2027 तक पूरा करने की है

**42,000** ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा, जो अब तक सर्विस-रेडी नहीं है

## भारतनेट फेस-I और भारतनेट फेस-II के मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने 'डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट और मेंटेन' मॉडल के तहत 'एमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम' को मंजूरी दी है। इसके तहत भारतनेट फेस-I और भारतनेट फेस-II के मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसी 42,000 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा, जो अब तक सर्विस-रेडी नहीं है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को अगले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने उच्च सदन को यह भी बताया कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत पंचायती राज मंत्रालय देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ई-पंचायत एमएमपी को लागू कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पंचायतों के कामकाज में सुधार लाना है, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। इस पहल के एक भाग के रूप में, मंत्रालय ने ई-ग्रामस्वराज नामक एक ऑनलाइन प्लानिंग और अकाउंटिंग एप्लीकेशन को शुरू किया है।

## न्यूज इन बॉक्स

### लखनऊ के पुनर्वास केन्द्र में विषाक्त भोजन खाने से चार बच्चों की मौत

**लखनऊ (हि.स.)।** लखनऊ में पारा क्षेत्र के पुनर्वास केन्द्र में रहने वाले चार बच्चों की मंगलवार की रात को विषाक्त भोजन खाने से मौत हो गई, जबकि 16 बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन में खलबली मच गई। अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी विशाख जी. ने पत्रकारों को बताया कि पुनर्वास केन्द्र से तबियत बिगड़ने पर बीस बच्चों को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था। इसमें दो लड़की और दो लड़कों की मौत हो गई, वहीं, अन्य बच्चाों का अस्पताल में उपचार जारी है। जिलाधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की एक कमेटी बनाकर पुनर्वास केन्द्र भेजा गया है। पुनर्वास केन्द्र में कुल 147 बच्चें है, जिसमें सभी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं।

### बेंगलुरु के पास तीन नए निजी हवाई अड्डों की योजना, अंतिम मुहर लगाएगा एएआई

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु के आस पास तीन नए निजी हवाई अड्डों के विकास की योजना पर काम शुरू कर दिया है। ये हवाई अड्डे कनकपुरा रोड पर और नेलमंगला-कुनिगल रोड पर बनाए जाने की चर्चा है। यह जानकारी राज्य मंत्री एमबी पाटिल ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानि एएआई) 17 मार्च से इन प्रस्तावित साइटों का दौरा शुरू कर चुका है। इसके बाद ही यह तय होगा कि ये परियोजनाएं आगे बढ़ेंगी या नहीं। मंत्री पाटिल ने कहा, "हम एएआई को सभी जरूरी जानकारी देने के लिए तैयार हैं। इस बारे में पहले भी बैठक हो चुकी है और कल भी एक चर्चा हुई थी। हम पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये हवाई अड्डे ग्रीनफील्ड परियोजनाएं होंगी, यानी इन्हें नए सिरे से बनाया जाएगा।

### बिहार विधानसभा के बाहर वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विपक्ष का प्रदर्शन

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को भी विपक्ष ने विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया और बिहार की नीतीश सरकार को घेरते हुए इस बिल को लेकर कड़ी आलोचना की। दरअसल, बजट सत्र के अंतिम दिन विपक्ष ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की। राजद के विधायकों का कहना है कि वक्फ संशोधन विधेयक से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को खतरा है और यह उनके अधिकारों का उल्लंघन करता है। प्रदर्शनकारियों ने 'वक्फ बोर्ड बिल वापस लो', 'नीतीश कुमार जवाब दो' के नारे लगाए और सरकार से इस बिल को रद्द करने की मांग की। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार मुस्लिम समुदाय की संपत्ति पर कब्जा करने की साजिश कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### सपा प्रमुख ने दिया विवादित बयान, कहा

# 'गौशाला से दुर्गंध फैलाती है भाजपा, हम इत्र से सुगंध

**कन्नौज (आईएएनएस)**

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 'गौशाला की दुर्गंध' बनाम 'इत्र की सुगंध' बयान ने सियासी पारे को बढ़ा दिया है। उनके मुताबिक भाजपा गौशाला के जरिए दुर्गंध फैला रही है जबकि उनकी पार्टी इत्र के जरिए सुगंध फैला रही है। कन्नौज पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम ने वर्तमान सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर भी विवादित टिप्पणी की। सपा प्रमुख ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि अगर मैं यह कहूं कि मेरे आदर्श योगी जी हैं, तो हम पगला जाएंगे। जरा सोचिए, मुझे किस तरह के कपड़े पहनने पड़ते। हमारे आदर्श कौन हैं? हमारे आदर्श लोहिया जी हैं। हम डॉ. बीआर अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं। हम नेताजी के दिखाए रास्ते पर चलते हैं। हम समाजवादी विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करते हैं। सपा अध्यक्ष ने आगे कहा, "कन्नौज में हमने भाईचारे की खुशबू फैलाई है। दूसरी तरफ भाजपा नफरत की बदबू फैलाती है। मैं कन्नौज के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे भाजपा द्वारा फैलाई गई इस दुर्गंध को दूर करें- कुछ हद तक यह पहले ही साफ हो चुकी है, लेकिन अगले चुनाव में इसे पूरी तरह से हटा दें ताकि कन्नौज का रुका हुआ विकास आगे बढ़ सके।



● **हमारे आदर्श लोहिया, अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं हम**

इसके बाद अखिलेश ने गौशाला को लेकर विवादित टिप्पणी की। कहा, "भाजपा के लोग दुर्गंध पसंद करते हैं, इसलिए गौशाला बना रहे हैं। हम सुगंध पसंद कर रहे थे, इसलिए इत्र पार्क बना रहे थे। यूपी की योगी सरकार प्रदेश में सांड पकड़ने का काम कर रही है। शराब के ठेकों पर एक बोतल पर एक फ्री वाली स्कीम पर सपा प्रमुख ने कहा कि यह योगी जी का पार्टी टाइम है। हम सभी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी टाइम शुरू किया है।

## गौ माता से दुर्गंध आती है, तो वह भूमि ढूंढनी चाहिए जहां सनातन का अपमान हो सके : संबित पात्रा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 'गौशाला की दुर्गंध' बनाम 'इत्र की सुगंध' वाले बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को हिंदुस्तान में रहकर गौ माता से दुर्गंध आती है, तो उसे वह भूमि ढूंढनी चाहिए, जहां सनातन का अपमान हो सके। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "ये सभी पार्टियां सनातन के विरोध में आवाज उठाती रहती हैं और सनातन के विरोध में काम भी करती हैं। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने एक भड़काऊ बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 'भारतीय जनता पार्टी को दुर्गंध पसंद है', इसलिए वह गौशाला का निर्माण करा रही है और 'समाजवादी पार्टी को सुगंध पसंद है, इसलिए हम इत्र बनाते हैं।' मध्य प्रदेश में कांग्रेस



विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा था कि भाजपा ने साधु-संतों और मंडलेश्वरों के रूप में सांड छोड़ रखे हैं, ताकि ये सांड घुसकर दूसरे धर्मों के खेत को चर जाएं। एक तरफ जहां अखिलेश यादव को गौ माता में दुर्गंध नजर आती है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पार्टी के नेता को साधु-संतों में सांड नजर आता है। उनके उसी विधायक ने महाकुंभ के विरोध में भी बयान दिया था। उन्होंने आगे सपा-कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा, "यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि इन लोगों को सनातन से लगाव नहीं है और ये सभी सनातन विरोधी हैं।

### बघेल के आवास पर सीबीआई रेड मामला
### छत्तीसगढ़ के सीएम साय बोले-

## दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा

**रायपुर (आईएएनएस)**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आवास पर पड़े सीबीआई छापे को लेकर स्पष्ट किया कि आरोपी चाहे कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। बघेल ने एक्स पोस्ट में कहा था, 'मेरी अनुपस्थिति में मेरे शासकीय आवास में बिना मुझे सूचना दिए प्रवेश करना पूर्णतः अनाधिकृत है।' इस पर साय ने कहा, "बघेल के पास बोलने को कुछ नहीं है, इसलिए कुछ भी कह रहे हैं। सीबीआई महादेव सट्टा ऐप की जांच कर रही है। सबको पता है कि इस ऐप ने हमारे युवाओं को सट्टे की लत लगाकर उनकी जिंदगी बर्बाद की। इसमें कोई भाजपा-कांग्रेस का सवाल नहीं है। जो भी दोषी होगा, चाहे कोई भी हो, कार्रवाई होगी। किसी को नहीं बख्शा जाएगा। साय बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम से लौटने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही है।

## पटना के पुराने म्यूजियम में भीषण धमाका दीवारों में आयी दरार, दरवाजा चकनाचूर

**पटना (हि.स.)**

पटना के सचिवालय थानाक्षेत्र के पीछे स्थित पुराने पटना म्यूजियम में गुरुवार को भीषण धमाका हुआ है। धमाका के बाद यहां अफरातफरी मच गई। धमाका इतना जोरदार था कि उसकी आवाज आसपास के इलाके में काफी दूर तक गूंजी। धमाके से दीवारों में दरार आ गई और शीशे के दरवाजे भी चकनाचूर हो गए। बताया जा रहा है धमाका यहां रखे पुराने अग्निशमन के सिलेंडरों में हुआ। इसका प्रभाव काफी ज्यादा रहा जिससे इसकी जद में आने वाली दीवार और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गये। पुराने पटना म्यूजियम में कई तरह के निर्माण कार्य होते रहते है। यहीं म्यूजियम के अंदर ही फायर एक्सटिंग्विशर फटने से तेज धमाका हुआ है। धमाके के बाद पूरे कैंपस में धुआं फैल गया, जिससे इसकी भयावहता काफी व्यापक रही। बताया जा रहा है कि फायर एक्सटिंग्विशर मशीन काफी लम्बे समय से यहां बिना काम के पड़ी हुई थी। इनका नियमित मेंटेनेंस का ख्याल नहीं रखा गया था और फायर एक्सटिंग्विशर को बगैर डिफ्यूज किए ही धूप में रखा गया, जिस कारण धमाका हुआ है। अग्निशमन विभाग के कमांडेंट मनोज नट ने बताया है कि फिलहाल कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

## बिहार में डॉक्टर तीन दिन की हड़ताल पर, ओपीडी सेवाएं ठप




**पटना (आईएएनएस)**

बिहार के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने गुरुवार से तीन दिन की हड़ताल शुरू कर दी है। इसके कारण राज्य भर में बाहरी मरीजों के इलाज (ओपीडी) की सेवाएं ठप हो गई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सरकार उनकी वेतन, सुरक्षा और स्टाफ की कमी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। हड़ताल से मरीजों को बहुत परेशानी हो सकती है। खासकर गांवों के मरीजों को, जो सरकारी अस्पतालों पर निर्भर होते हैं। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (बीएचएसए) ने बायोमेट्रिक हाजिरी, प्रशासनिक दबाव और कर्मचारियों की कमी जैसे मुद्दों का विरोध करते हुए हड़ताल बुलाई थी। हालांकि, हड़ताल सिर्फ ओपीडी सेवाओं तक ही सीमित है और आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी।

बी एचएसए के प्रवक्ता डॉ. विनय कुमार के मुताबिक, डॉक्टरों की सुरक्षा, वेतन, गृह जिलों में पोस्टिंग और जरूरी सुविधाओं की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कई बार की गई अपीलों का कोई जवाब नहीं मिला है। डॉ. कुमार ने कहा, "सरकार हमारी मांगों पर चुप है, जिससे हमें काम छोड़ने का फैसला करना पड़ा। हमने गुरुवार से तीन दिन की हड़ताल करने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों ने शिवहर की एक घटना का भी जिक्र किया, जहां जिला मजिस्ट्रेट के साथ बैठक के दौरान उनके साथ कथित रूप से बुरा व्यवहार किया गया।

## राज्यसभा में गृह मंत्री के खिलाफ कांग्रेस का विशेषाधिकार नोटिस खारिज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। जयराम रमेश के इस नोटिस को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया। जयराम रमेश का कहना था कि अमित शाह ने राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, सोनिया गांधी पर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। जयराम रमेश ने 25 मार्च को 'आपदा प्रबंधन विधेयक-2024' पर बहस के दौरान गृह मंत्री द्वारा दिए गए कथन का उल्लेख किया था। जयराम रमेश ने गृह मंत्री के उस बयान पर आपत्ति जताई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष कांग्रेस शासन में बना और पीएम केयर मोदी सरकार में बना। कांग्रेस के शासन में एक ही परिवार का नियंत्रण होता था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य होते थे। सरकारी फंड में कांग्रेस के अध्यक्ष सदस्य बनाए गए थे।

इस विषय पर राज्यसभा के सभापति ने गुरुवार को सदन में कहा कि 26 मार्च, 2025 को उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार के प्रश्न का नोटिस प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने हस्ताक्षर के साथ 26 मई की तारीख दी है, जिसे संदर्भ में बदलाव नहीं होने के कारण अनदेखा किया जा सकता है। यह नोटिस जयराम रमेश ने राज्यसभा के नियम-188 के तहत गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष रहीं, राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, सोनिया गांधी पर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। सभापति ने कहा कि यह मामला मीडिया में व्यापक रूप से चर्चा में आया है। अगर अध्यक्ष के पास सूचना भेजी जाती है, जैसा कि बुलेटिन में संकेत दिया गया है और एक दीर्घकालिक परंपरा के तहत इसे प्रचारित नहीं किया जाना चाहिए। आखिरकार, अध्यक्ष या सदन को इस पर निर्णय लेना होता है।

## पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव का दावा, प्रदेश से ड्रग्स को खत्म करके रहेंगे

**चंडीगढ़ । (आईएएनएस)**



पंजाब की भगवंत मान सरकार नशे के विरुद्ध अभियान चला रही है। इसे लेकर पंजाब पुलिस द्वारा बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के बीच गुरुवार को डीजीपी गौरव यादव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि नशे के खिलाफ प्रदेश सरकार के अभियान के तहत पंजाब पुलिस भी ड्रग्स सप्लायर के खिलाफ तेजी से कार्रवाई कर रही है। हमने सभी एसएसपी और पुलिस कमीश्नर को निर्देश दिया है कि वह अपने-अपने इलाकों में उन लोगों की पहचान करें जो बड़े पैमाने पर ड्रग्स के सप्लायर हैं।

## मुंबई में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को किया गिरफ्तार

**मुंबई (आईएएनएस)**

देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मुंबई में पुलिस ने पहली बार आठ बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया है। मुंबई की शिवाजी नगर थाना पुलिस के अनुसार, यह सभी बांग्लादेशी पहचान और लिंग बदलकर रहते थे। पुलिस शहर में बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ रही थी, लेकिन पुलिस से बचने के लिए यह किन्नर बनकर रहते थे। ये सभी नागरिक मुंबई में लगभग पांच साल से



रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी कलाकार (नृत्य कलाकार) के रूप में काम करते थे और वैध दस्तावेजों के बिना यहां रह रहे थे। इन आरोपियों ने अपने नाम, पहचान और कुछ मामलों में अपना लिंग भी बदल लिया था, जिससे वे अन्य नागरिकों से अलग दिखते थे।

## 'चैत्र नवरात्रि में सभी मनोकामनाएं होगी पूरी' कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया क्या करें क्या नहीं

● **इस साल घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 10:23 बजे से शुरू हो रहा है**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**


चैत्र नवरात्रि के दौरान शुभ समय में घटस्थापना करना अति शुभ माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी। मान्यता है कि नवरात्रि में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना भी पूर्ण होती हैं। इसे लेकर न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत से बातचीत की। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया कि इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन देवी को समर्पित अनुष्ठान घटस्थापना के साथ शुरू होते हैं। शुभ मुहूर्त में घटस्थापना करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पीठाधीश्वर ने घट स्थापना का मुहूर्त भी बताया। उन्होंने कहा, "इस साल घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 10:23 बजे से शुरू हो रहा है। जो लोग उस समय घटस्थापना नहीं कर पाते हैं, वे अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं, जो दोपहर 12:01 बजे से 12:50 बजे के बीच है। ऐसे शुभ समय में घट स्थापना करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है और इससे ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है। सुरेंद्रनाथ अवधूत के मुताबिक चैत्र नवरात्रि में शक्ति की उपासना का विशेष लाभ मिलता है। उन्होंने कहा, "इस समय में की गई पूजा-अर्चना का विशेष फल मिलता है। खास बात यह है कि जो भी भक्त इस चैत्र नवरात्रि के दौरान मन में जो भी मुराद लेकर पूजा-अर्चना करते हैं, उनकी सभी मनोकामना मां द्वारा पूरी की जाती है। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन, यानी कि नवमी के दिन, भक्त अनुष्ठान कर व्रत को पूरा करते हैं। कन्या पूजन किया जाता है, जिसके बाद अनुष्ठान का समापन होता है। मुख्य पुजारी के मुताबिक हर साल की तरह इस बार भी कालकाजी मंदिर में नवमी के दिन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि कालकाजी स्थित मंदिर दिल्ली के प्राचीन मंदिरों में से एक है।




## पिता ने 4 बच्चों की गला रेतकर हत्या की, बाद में खुद को लगाई फांसी

**शाहजहांपुर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने चार मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद पिता ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल, पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना थाना रोजा क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव की है। बताया जा रहा है कि इसी गांव का रहने वाला राजीव अपने घर में था। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। देर रात किसी समय राजीव ने अपनी बेटी स्मृति (13), कीर्ति (9) प्रगति (7) और बेटे ऋषभ (5) की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के बाद राजीव ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



## पुतिन भारत आ रहे हैं, यात्रा की तैयारियां चल रही हैं : लावरोव



**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच राजनीतिक वार्ता 'गतिशील रूप से विकसित हो रही है' और इसमें यह तथ्य प्रमुख है कि मॉस्को और नई दिल्ली के 'उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर मिलते-जुलते विचार हैं।' लावरोव ने कहा, "हमारे देशों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है। यह कहा जा सकता है कि वे समय की कसौटी पर एक से अधिक बार खरे उतरे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'रूस और भारतः द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नए एजेंडे की ओर' में भाषण दे रहे थे। इस सम्मेलन को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी संबोधित किया।

## यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए

**सना (आईएएनएस)।** यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, तीन हवाई हमले सना के दक्षिणी हिस्से में सानहान जिले के जरबन क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशायश जिले के अल-जुमायमा क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, साथ ही दो अन्य हवाई हमले सना के उत्तरी हिस्से में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाकर किए गए।


### हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 जारी

# भारत में शीर्ष पर हैं अदाणी

## कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़ी | टेस्ला के सीईओ मस्क फिर बने दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी संपत्ति बढ़ाने में देश के सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में दी गई। 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में गौतम अदाणी की कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत या एक लाख करोड़ रुपए बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इससे अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं, उन्होंने पांच साल की अवधि में चौथी बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष 10 अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए कम होकर 8.6 लाख करोड़ रुपए रह गई है। इसकी वजह उनकी कंपनियों पर बढ़ता हुआ कर्ज है। हालांकि, संपत्ति में कमी के बाद भी मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में 62 वर्षीय गौतम अदाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और वैश्विक स्तर पर 18वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने अपने करियर की शुरुआत एक कमोडिटी ट्रेडर के रूप में की थी और फिलहाल वे रिन्यूएबल एनर्जी, पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, माइनिंग, पावर जनरेशन, मीडिया और सीमेंट सेक्टर में कारोबार करने वाले अदाणी ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं।



### अरबपतियों की संख्या में हुई है 5 प्रतिशत की वृद्धि

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में कुल 71 देशों के 3,442 अरबपतियों को शामिल किया गया है, जो पिछले साल में 3,278 अरबपतियों की तुलना में अधिक है। अरबपतियों की संख्या में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनकी कुल संपत्ति में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इस लिस्ट में एचसीएल टेक की रोशनी नादर 3.5 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला हैं। इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला उद्यमी हैं, जिन्होंने दुनिया की शीर्ष 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाई है। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के दिलीप सांघवी 2.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उनके बाद आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड के साइरस एस पूनावाला हैं, जिनकी संपत्ति 2 लाख करोड़ रुपए है। बजाज इंडिया के नीरव बजाज (1.6 लाख करोड़ रुपए) आठवें स्थान पर हैं। इसके बाद आरजे कॉर्प के रवि जयपुरिया और डी-मार्ट के मालिक राधाकिशन दमानी हैं, जिनकी संपत्ति 1.4 लाख करोड़ रुपए है।

## बलूचिस्तान में बस व घर पर हमला, 13 की हुई मौत



● बीएलए के लड़ाकों ने उड़ा दी है पाकिस्तान सरकार की नींद

**इस्लामाबाद (हि.स.)**

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने पाकिस्तान की संघीय सरकार की नींद उड़ा दी है। लड़ाके मुल्क के बलूचिस्तान में सरकार से सीधा मोर्चा ले रहे हैं। आज बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे अशांत प्रांत है। बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति के बीच प्रांत में बस यात्रियों और एक घर को निशाना बनाकर किए गए दो अलग-अलग हमलों में 13 और लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यूसुफ बंगहर ने बताया है कि ग्वादर में हमलावरों ने छह बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। सोहबतपुर में एक घर में हमला कर परिवार के सात सदस्यों की जान ले ली गई।

### पाकिस्तान में बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की हो रिहाई, शांतिपूर्ण

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने बुधवार को पाकिस्तान से अपील की कि वह बलूचिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को रिहा करे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर होने वाला दमन रोकें। मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं महरंग बलूच, सम्मी दीन बलूच और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के कारण गिरफ्तार किए गए अन्य मानवाधिकार रक्षकों की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बलूच समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने वाले नेटवर्क बीवाईसी के खिलाफ पाकिस्तान पुलिस की बढ़ती जा रही क्रूर कार्रवाइयों पर ध्यान दिलाया।

## दुष्कर्म मामले में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के संस्थापक सदस्य को 40 साल की सजा

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** सिडनी की अदालत ने पांच कोरियाई महिलाओं के साथ बलात्कार मामले में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के संस्थापक बालेश धनखड़ को 40 साल की सजा सुनाई है। सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ द भारतीय जनता पार्टी' के संस्थापक सदस्य बालेश धनखड़ को पांच कोरियाई महिलाओं के साथ बलात्कार के लिए 40 साल की जेल की सजा सुनाई है।अदालत ने उनके कार्यों को "विस्तृत रूप से निष्पादित, चालाकी पूर्ण और अत्यधिक हिंसक" बताया। 43 वर्षीय धनखड़ ने खुद को एक भर्ती कर्ता के रूप में पेश किया और कथित तौर पर कोरियाई-अंग्रेजी अनुवाद कार्य के लिए फर्जी नौकरी विज्ञापनों के साथ युवतियों को लुभाया। उन्होंने वर्ल्ड स्क्वायर टॉवर में अपने अपार्टमेंट में उन्हें बहला-फुसलाकर लाने से पहले सिडनी के एक होटल में उनका साक्षात्कार लिया, कभी-कभी ओपेरा हाउस का नजारा दिखाने का वादा किया या कार की चाबियाँ वापस लाने का नाटक किया।अंदर जाने के बाद, वह यौन उत्पीड़न करने से पहले उन्हें नशीले पदार्थ वाली शराब या आइसक्रीम खिलाता था। उसके बिस्तर के पास अलार्म घड़ी में एक छिपे हुए जासूसी कैमरे ने हमलों को कैद कर लिया। पुलिस को बेहोश महिलाओं के साथ यौन क्रिया करते हुए उसके 47 वीडियो मिले, जो उसके पीड़ितों के नाम वाले फ़ोल्डरों में संग्रहीत थे। 2018 में अपनी गिरफ्तारी से पहले, धनखड़ भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के ऑस्ट्रेलिया चैप्टर की स्थापना में मदद की और इसके अध्यक्ष थे। उन्होंने सिडनी विश्वविद्यालय में अंतरधार्मिक व्याख्यानों में हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व भी किया। क्विंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने राजनीतिक संबंधों का दावा करते हुए भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुँच का दावा किया। उनकी वेबसाइट पर अब हटाई गई एक तस्वीर में उन्हें मोदी से हाथ मिलाते हुए दिखाया गया है। संबित पात्रा के साथ पीएम मोदी | X/@sambitswaraj धनखड़ 2017 में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के एक कार्यक्रम के मीडिया आउटरीच अधिकारी भी थे, जिसमें मोदी सरकार की "उपलब्धियों" पर प्रकाश डाला गया था। 2014 की रिपोर्टों ने उन्हें मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' नेता के रूप में पहचाना।

'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया के एक ट्वीट के अनुसार, उन्होंने जुलाई 2018 में संगठन से इस्तीफा दे दिया। सजा के जवाब में, 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया ने धनखड़ के अपराधों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। संगठन ने कहा, "उनके कार्य घृणित हैं, और उनकी सजा के साथ न्याय सही ढंग से किया गया है।" इसमें कहा गया है कि 2018 में अपने इस्तीफे के बाद से धनखड़ का 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' ऑस्ट्रेलिया से कोई संबंध नहीं था और उन्होंने ऐसे अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने में कानून प्रवर्तन के लिए समर्थन व्यक्त किया। धनखड़ की अब हटाई गई लिंक्डइन प्रोफ़ाइल में पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी सिडनी से मीडिया आर्ट्स और पत्रकारिता में डिप्लोमा सूचीबद्ध है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, धनखड़ ने जमानत पर बाहर रहने के दौरान 2019 और 2021 के बीच फाइजर और एबीसी के साथ एक साल के अनुबंध पर डेटा विज़ुअलाइज़ेशन सलाहकार के रूप में काम किया। उन्होंने ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको, टोयोटा और सिडनी ट्रेन्स के साथ भी काम किया था। मुकदमे के दौरान, धनखड़ ने पीड़ितों के साथ यौन संबंध बनाने या मुठभेड़ों को रिकॉर्ड करने से इनकार नहीं किया, लेकिन जोर देकर कहा कि वे सहमति से थे। फुटेज से परेशान जूरी को जल्दी ही बाहर निकलना पड़ा। उनकी पत्नी, जिन्हें अक्सर आंसुओं में देखा जाता था, अदालत में उनके साथ खड़ी रहीं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि उन्होंने अपने चार साल के कानूनी बचाव के लिए पारिवारिक संपत्ति बेच दी। 7 मार्च को धनखड़ को सजा सुनाते हुए, जज माइकल किंग ने उनके पश्चाताप की कमी की निंदा की, और कहा कि उनके अपराधों ने उनके पीड़ितों के लिए "पूर्ण और कठोर उपेक्षा" को प्रदर्शित किया, जो उनकी "यौन संतुष्टि की इच्छा" से प्रेरित था।

## हुर्रियत के दो संगठनों ने अलगाववाद को त्यागा, पीएम मोदी के नए भारत पर जताया विश्वास : अमित शाह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जानकारी दी कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्मित नए भारत में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खुशखबरी। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकलाल और जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्मित नए भारत में अपना विश्वास जताया है। मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जानकारी दी थी कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो समूहों ने जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की। इसकी जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, "कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है।

## डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने व संसदीय नियमों की अवहेलना पर विपक्ष ने जताई नाराजगी

**ब्यूरो**



कांग्रेस सांसद ने कहा कि 'लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है।

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात करके विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते नाराजगी व्यक्त की।साथ ही इस पर भी चिंता जताते हुई नाराज़गी जताई कि अभी तक डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति क्यों नहीं की गई है। इस बारे में लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले। गौरव गोगोई ने कहा कि 'हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवसेना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।' कांग्रेस सांसद ने कहा कि 'लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है।' मालूम हो कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि 'जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। पूरे देश ने ये देखा। नेता विपक्ष एक संवैधानिक पद होता है, उनके बारे में टिप्पणी की गई, लेकिन जब वे बोलने के लिए उठे तो उन्हें बोलने नहीं दिया गया। किस बात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने ये टिप्पणी की, ये भी साफ नहीं है, लेकिन भाजपा की आईटी सेल अब इसका राजनीतिकरण कर रही है।' विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा अध्यक्ष के साथ मुलाकात में डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने का भी मुद्दा उठाया। संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला देते हुए विपक्षी नेताओं ने कहा कि इसमें डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति का प्रावधान है, लेकिन साल 2019 से इस पद पर नियुक्ति नहीं हुई है, जो अभूतपूर्व है। सदन की निष्पक्ष कार्रवाई में डिप्टी स्पीकर की भूमिका अहम होती है। बीते सप्ताह सदन में बिना किसी पूर्व सूचना के पीएम मोदी के संबोधन पर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई और कहा कि यह संसदीय नियमों का मजाक है।

## इजरायल का गाजा में 430 से अधिक ठिकानों पर हमला, सीरिया और लेबनान में हमले जारी

**यरूशलम (आईएएनएस)**

इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा में अपने घातक हवाई और जमीनी अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से 430 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। सेना ने बुधवार को एक बयान में दावा किया कि ये सभी 'आतंकी ठिकाने' थे। गाजा पर 18 मार्च से फिर से हुए हमलों ने दो महीने के युद्धविराम को खत्म कर दिया और गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, लगभग 830 लोग मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, किसी भी इजरायली व्यक्ति के मारे जाने की खबर नहीं है। 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल द्वारा शुरू किए गए हमले के बाद से गाजा में कुल मृतकों की संख्या 50,000 से अधिक हो गई है। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इजरायल ने सीरिया और लेबनान में भी हमले जारी रखे।

## ट्रंप के कार टैरिफ से 'टेंशन': ईयू चीफ ने कहा, व्यापार और उपभोक्ता दोनों के लिए बुरा

**ब्रुसेल्स (आईएएनएस)**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आयातित यूरोपीय कारों पर टैरिफ लगाने के संयुक्त राज्य अमेरिका के फैसले पर गहरा खेद व्यक्त किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत 2 अप्रैल से कार आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। वॉन डेर लेयेन ने एक बयान में कहा, "ऑटोमोटिव उद्योग नवाचार, प्रतिस्पर्धा और उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का वाहक है।" उनके मुताबिक टैरिफ अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) दोनों में 'व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए बुरे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा, "अब हम इस घोषणा का और आगामी अमेरिकी कदमों का मूल्यांकन करेंगे। वॉन डेर लेयेन कहा कि ब्लॉक अपने आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशना जारी रखेगा।

### कहानी फिल्म जगत की

## सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ घर की तलाश के लिए निकली किआरा आडवाणी



मैटरनिटी फैशन को शालीनता और आराम के साथ अपनाते हुए, कियारा ने एक सादगीपूर्ण शान दिखाई, जो भावी माताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। उनके लुक ने साबित कर दिया कि प्रेग्नेंसी स्टाइल में परिष्कार से समझौता करने की ज़रूरत नहीं है, यह सहजता और परिष्कार का

सिद्धार्थ अपनी अगली बड़ी स्क्रीन आउटिंग, परम सुंदरी के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जान्हवी कपूर के साथ दिखाई देंगे

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी को लोग काफी ज्यादा पसंद करते हैं। पिछले काफी समय से दोनों अपने आने वाले बच्चे को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दोनों को शहर में साथ देखा गया। कथित तौर पर वे अपने भविष्य के घर की तलाश कर रहे थे। लेकिन जहां एक ओर इस जोड़े की सैर ने लोगों को उत्सुक कर दिया, वहीं दूसरी ओर कियारा के सहज और आकर्षक मैटरनिटी लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मैटरनिटी फैशन को शालीनता और आराम के साथ अपनाते हुए, कियारा ने एक सादगीपूर्ण शान दिखाई, जो भावी माताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है।




### सरना स्थल के पास बने फ्लाईओवर रैंप को हटाने का काम शुरू
# फिर भी असंतुष्ट दिखे आदिवासी संगठन के सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सिरमटोली में बनाए जा रहे फ्लाईओवर की रैंप सरना स्थल के दोनों द्वारों के पास आ रहा है जिसका विरोध सभी आदिवासी संघठनों के द्वारा किया जा रहा। संगठनों का कहना है सरहुल पर्व में लाखों की भीड़ होती है जब रोड पूरी खुली थी तब भी परेशानी होती थी तो अब कैसे नहीं होगी। वहीं, फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के द्वारा 22 मार्च को रांची बंद भी बुलाया गया था। जिसका राजधानी के कई क्षेत्रों में असर दिखा था। वहीं गुरुवार को डीसी ने फ्लाईओवर का जायजा लिया जिसके बाद रैंप को हटाने के लिए मजदूरों ने काम शुरू कर कर दिया। हालांकि इस से भी आदिवासी संगठन के लोग संतुष्ट नहीं थे।



पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने रैंप को हटाए जाने पर कहा कि बातें उड़ाई जा रही है कि रैंप हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा हटाया तो जा रहा है लेकिन हटाने की नियत नहीं दिख रही है। गीताश्री का कहना है जिसे जेसीबी से घंटों में ही हटाया जा सकता है, उसे कुदाली और फाफड़ा से तोड़ा जा रहा है। छलावा है हमें ठगने की।

वहीं आदिवासी संघटना के नेता प्रेम शाही मुंडा ने कहा मुख्यमंत्री अराजकता पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा रैंप हटाये जाने के नाम पर सिर्फ 10 फीट हटाया जा रहा है। प्रेम शाही मुंडा ने कहा- हमें लगता हैं कि हेमंत सोरेन हमारे साथ राजनीति कर रहे हैं। साथ ही कहा- सरकार थोडा सा रैंप हटाकर आरक्षण दे रही क्या? सरकार सीधे तौर पर संवाद नहीं कर रही है इस तरीके से सरकार दिखावा करेगी तो हम भी चुप नहीं बैठेंगे। उग्र आन्दोलन की चेतवानी देते हुए उन्होंने कहा आने वाले समय में जनांदोलन तेज होगा। मौके पर कई आदिवासी संघठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपराधियों ने कारोबारी की गला काट कर की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा में एक कारोबारी की गला काटकर हत्या कर दी। अपराधियों के हमले में घायल हुए जूता कारोबारी भूपल साहू को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।






## क्या है पूरा मामला

रांची के पंडरा इलाके में अपराधियों ने एक कारोबारी की गला काट कर हत्या कर दी है। मृतक का नाम भूपल साहू है। हमले के बाद उन्हें गंभीर स्थिति में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रेड किया जा रहा है। मौके पर मौजूद स्थनीय लोगों ने बताया कि विशाल फुटवेयर के संचालक भूपल साहू अपनी दुकान की सीढ़ियों पर खड़े थे, इसी दौरान एक युवक ने भूपल साहू को निशाना बनाते हुए उनके गले पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भूपल पर अपराधी ने इतने वार किए की दुकान के बाहर की सीढ़ी खून से लाल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पास में ही एक भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसकी वजह से वहां काफी भीड़ थी, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वह फरार हो गया। चाकू लगने से घायल कारोबारी को स्थानीय लोगों के द्वारा ही आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों की टीम ने गंभीर रूप से घायल कारोबारी को बचाने की भरपूर कोशिश की लेकिन वे उसे बचा नहीं पाए।

पंडरा ओपी क्षेत्र का मामला होते हुए भी रातू थानेदार रामनरायण सिंह सबसे पहले पहुंचे और आरोपी के गिरफ्तरी के लिए निकल पड़े। बाद में पंडरा पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों थानों की टीम आरोपी के गिरफ्तारी के लिए रेड कर रही है। मामले की जांच को लेकर रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता इलाके में कैम्प कर हैं।

### झारखंड में जंगल राज है : सुबेश पांडे



भाजपा के पंडरा मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे ने कहा कि झारखंड में जंगल राज है। विशाल फूट वेयर के संचालक भूपल साहू का गला काट दिया। उन्होंने बताया कि भूपल को आनन फानन में दलादली स्थित ईस्टर्न हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया हैं जहां उनकी हालत गंभीर है। सुबेश पांडे ने कहा राजधानी में अपराधियों में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं हैं।

# धनबाद से नई ट्रेनें चलाई जाए : चंद्रप्रकाश चौधरी
### गिरिडीह सांसद ने शून्य काल में उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि जहां से वे सांसद हैं वहां पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो जिले से प्रवासी मजदूर बड़ी संख्या में मुंबई, सूरत बेंगलुरु एवं कोलकाता जाते हैं। यही नहीं पढ़ाई करने के लिए जहां विद्यार्थी काफी संख्या में इन जगहों पर जाते हैं। वहीं व्यापार व चिकित्सा के लिए भी लोग इन स्थानों पर जाते हैं। दुर्भाग्य से इन जगहों पर जाने के लिए झारखंड से एक ही ट्रेन है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री से पारसनाथ, गोमो, धनबाद स्टेशन से मुंबई व सूरत के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ पारस के तीर्थ यात्री एवं व्यापार कर रहे लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह चेन्नई व बेंगलुरु जाने के लिए भी एक नई ट्रेन चलाई जाए। जिससे कि वहां पढ़ रहे झारखंड के विद्यार्थी एवं प्रवासी मजदूरों को राहत मिल सकेगी उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री को ध्यान ही इस ओर आकृष्ट कराया की न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोलकाता जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। पहले आनंद विहार एक्सप्रेस में गिरिडीह के लिए स्लीपर कोच व वातानुकूलित कोच की व्यवस्था थी जिसके कारण लोगों को कोलकाता एवं पटना जाने में काफी सुविधा होती थी।मगर 2020 में पूर्व रेलवे द्वारा इस रेल मार्ग को परिवर्तित कर इसको मधुपुर के बाद न्यू गिरिडीह कोडरमा गया होते हुए चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास था। किंतु कोरोना काल में यह रेल सेवा बंद है। इसको देखते हुए उन्होंने रेल मंत्री से कोलकाता से पटना या न्यू गिरिडीह- कोडरमा नई ट्रेन शुरू करने और इसका ठहराव न्यू गिरिडीह में स्टेशन पर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी यह मांग क्षेत्र के लाखों यात्रियों के आवागमन को जहां सम बनाएगा वहीं कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। इससे तीर्थ यात्रियों, व्यापारियों, प्रवासी मजदूरों व छात्रों को व्यापक लाभ मिलेगा।



# हत्या के विरोध में सदन के बाहर भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। इसमें आजसू, जदयू, लोजपा (आर) के विधायक तख्ती लेकर धरना पर बैठे। इस पर लिखा था झारखंड में हत्या का सिलसिला कब खत्म होगा, अनिल टाइगर के हत्यारे को अविलंब फांसी दो, झारखंड में अपराधियों पर अंकुश कब लगेगा।




### अपराधी बेलगाम में हो गये हैं : चंपाई सोरेन

भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। अपराधी बेलगाम हैं। आये दिन हत्या, लूट, बलात्कार, छिनतई जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसे लेकर राज्यपाल से मिलेंगे और राष्ट्रपति सरकार लगाने की मांग करेंगे।

### सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है : नीरा

भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि सरकार के लोग नारा देते हैं कि हेमंत है तो हिम्मत है। यह अपराधियों की हिम्मत है। कहा कि राज्य में ना खास और ना आम सुरक्षित हैं। झारखंड में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है कि अपराधी बेलगाम हो गये हैं।

### सरकार को आम लोगों के जीवन से सरोकार नहीं : जयराम महतो

जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा कि सरकार को आम लोगों से जीवन से सरोकार नहीं है। जिस तरह से अनिल टाइगर की हत्या हुई है, यही प्रतीत होता है कि सरकार व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में आये दिन घटनाएं हो रही हैं। रांची की घटना में जो दोषी हैं, सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सजा दिलाने का काम करे। अपराधी सरेआम कट्टा लेकर घूम रहे हैं और पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

### डीएसपीएमयू का नाम बदल वीर शहीद बुधू भगत विवि करने की सैद्धांतिक सहमति : सुदिव्य कुमार



**रांची।** उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधू भगत विश्वविद्यालय करने की मांग पर सरकार की सैद्धांतिक सहमति है। सरकार सदन के माध्यम से राज्य के लोगों को विश्वास दिलाती है कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक विचार करेगी। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार शहीदों को सम्मान नहीं देगी तो कौन देगा। क्या बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में हमारे शहीदों के नाम कोई विश्वविद्यालय का नाम हो सकता है। मंत्री ने कहा कि शहीदों के नाम से विश्वविद्यालय होने से राज्य के छात्र-छात्राओं को अपने शहीदों को जानने का भी मौका मिलेगा। इससे पहले झामुमो विधायक विकास मुंडा ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधू भगत विश्वविद्यालय करने की मांग की।

## कॉम्पट मुंडा बाइस पड़हा का एक शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कॉम्पट मुंडा बाइस पड़हा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने वार्ता के क्रम में राज्यपाल से राज्य के पांचवी अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के प्रावधान संबंधी विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राज्य में इसे प्रभावी रूप से लागू करने की पहल करने का आग्रह किया।

## राज्यपाल गंगवार ने विनियोग विधेयक को दी स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य के आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान की। विदित हो कि 3 मार्च को झारखंड विधानसभा में 2025-26 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया था। वहीं 24 मार्च को झारखंड विधानसभा में पारित हुआ।

### भाजपा नेताओं ने अनिल के परिजनों से की मुलाकात



**रांची।** भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा अनिल टाइगर के घर पर पहुंचे व परिजनों से की मुलाकात।

# सीएम से मिला सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में विभिन्न सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्राकृतिक महापर्व 'सरहुल' शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से सरहुल पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले शोभायात्रा की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक
# राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें : के. रवि कुमार

*मतदान केंद्रों के जीरो रिलोकेशन कराने के सुझाव पर होगा कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्य*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की उक्त बैठक में राजनीतिक दलों के सुझाव लिए गए। वर्तमान में कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों पर क्रियान्वयन के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है। श्री के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे।



के. रवि कुमार ने बैठक में राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बूथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वार बीएलओ के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें साथ ही चुनाव आयोग द्वार बताए गए दिशा निर्देशों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें। बैठक में श्री कुमार ने चुनाव एवं उसके उपरांत मतदाताओं एवं जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों के अनुभवों को भी जाना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किए जा रहें हैं। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

**जुमला नहीं है मंईयां...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यसर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायह्न की भारतीय अवधारणा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अबुआ सरकार ने सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर सबके कल्याण के लिए योजना बनाई है। विपक्ष के लाख षड्यंत्रों के बावजूद पिछली बार से ज्यादा मजबूती से आए हैं। राज्य की जनता ने विपक्ष का असली चेहरा देख लिया है। कई मंत्रियों ने झारखंड में डेरा डाला था, उनके राज्य में क्या हो रहा है, इसकी उन्हें जरा भी चिंता नहीं। आम नागरिकों से इनका कोई लेना-देना नहीं। जनादेश मिला हो या न मिला हो, सत्ता में काबिज होने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। गरीब-गुरबा, मजदूर, दलित सबको संविधान से शक्ति मिलती है और विपक्ष ने संविधान को ही तार-तार करके रख दिया है। विपक्ष की राजनीति इतनी खतरनाक है, जिसकी परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इतनी निचली स्तर की राजनीति आजादी के बाद से आज तक नहीं देखी गई।

मुख्यमंत्री सोरेन ने परिसीमन और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी सीटों को घटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सीएम सोरेन ने कहा कि इस देश का बहुत बड़ा विषय आस्था है। विपक्ष आस्था के कमजोर नस को पकड़कर सबके भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। ऐसा ही वाक्या कुंभ मेला का है, जहां स्नान करने अध्यक्ष भी गए थे। हमलोगों को कुंभ जाने की इच्छा हुई, मगर हिम्मत नहीं जुटा सके। हमारे विपक्ष के लोगों ने कुंभ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को आईसीयू में डाल दिया है। जिस तरह से जातियों का बंटवारा किया है, शांति से किसी को जीने नहीं देंगे। अब तो होली और दिवाली में भी दंगे होने लगे हैं। देश में वर्गीकरण नहीं होता, तो सभी हिंदुस्तानी होते। उन्होंने कहा, हमलोग सकारात्मक राजनीति में विश्वास करते हैं। विपक्ष ने राज्य को दिशा देने के नाम पर भटका दिया और खुद दलदल में जाकर गिरे। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि 58 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। यह छोटी बात नहीं। मंईयां सम्मान जुमला नहीं है, हकीकत है। इससे गांवों की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। इसके लिए 13,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होती है। पहले पेंशन के नाम पर लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थीं, दलाल सक्रिय रहते थे। दलालों के चक्कर में लोग अपनी जमा पूंजी भी गंवा देते थे। आर्थिक असमानता में इतनी तेजी आई है कि कभी-कभी मुझे घबराहट होने लगती है। इतने तरह के टैक्स आम जनता के उपर डाल दिए गए हैं कि जनता चित्कार कर रही है। एटीएम के चार्जेज में वृद्धि की गई है और केंद्र सरकार ने 8000 करोड़ की उगाही की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई के लिए अलग डायरेक्टरी की स्थापना कर रहे है। झारखंड को हरा-भरा रखने के लिए 5000 एकड़ में फलादार वृक्ष लगाने की योजना है।

**सदन में न पक्ष और न विपक्ष...**

संख्या 851 है। इनमें से 59 अल्पसूचित तथा 66 तारांकित प्रश्न सदन में उत्तरित हुए। विभागों से 1074 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए तथा 23 प्रश्नों का उत्तर विभाग के पास लंबित हैं। साथ ही 98 स्वीकृत अतारांकित प्रश्नों का विभाग के पास लंबित हैं। 464 शून्यकाल स्वीकृत हुए। 95 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से 62 ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब मिला तथा 30 लंबित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न और ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सत्र में कुल 83 निवेदन सदस्यों से प्राप्त हुआ, जिसे निवेदन समिति को भेजा गया है। विनियोग विधेयक सहित पांच विधेयक सभा में पुरःस्थापित हुआ और सदन की ओर से पारित किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के इस पहले बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई थी, जिसमें राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की ओर से गरीबों, वंचितो, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के हक और अधिकार दिलाने में राज्य सरकार की प्राथमिकता की बात कही। वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार चार सौ करोड़ का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर सामग्री को लेकर कुछ सदस्यों की शिकायत है, उसे भी आसन महसूस करता है और मानता है कि सदस्यों के उठाये गए प्रश्नों का सटीक और तार्किक उत्तर विभागों की ओर से पटल पर रखे जाएं। उन्होंने सत्र के सफल संचालन में सचिवालय, विधानसभा, सचिवालय के पदाधिकारी, कर्मी तथा मीडिया के प्रति आभार प्रकट किया।

**विदेश में रह रहे एनआरआई...**

कानून मंत्रालय के पास है। लेकिन, विदेश मामलों की संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया है कि वह कानून मंत्रालय से चुनाव आयोग के साथ मिलकर सक्रिय रूप से आगे बढ़े। समिति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग और प्रॉक्सी वोटिंग जैसी संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके लिए धारा 1950 के तहत बनाए गए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन करते हुए राजनीतिक दलों से विचार विमर्श की आवश्यकता होगी। मालूम हो कि साल 2010 के जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 1950 20ए में संशोधन करते हुए एनआरआई को सीमित मतदान का अधिकार दिया गया था। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में महज 2958 एनआरआई ने भारत आकर मतदान किया था। जबकि, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के समय 1 लाख एनआरआई वोटर के रूप में रजिस्टर थे।

**भाजपा नेता की हत्या के...**

सड़क जाम किया। इस दौरान सभी मुख्य मार्गों पर आवाजाही ठप रही और दुकानें व प्रतिष्ठान बंद रहे। बंद का असर रांची सिविल कोर्ट पर भी पड़ा। बंद के कारण कई अधिवक्ता और उनके मुवक्किल अदालत तक नहीं पहुंच सके। ज्ञात हो कि रांची के कांके चौक पर बुधवार को भाजपा नेता व जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने खदेड़कर मुठभेड़ में जांघ में गोली मार दी और गिरफ्तार कर लिया था। इधर, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं, ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने श्मशान घाट पहुंचकर अनिल टाइगर को श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता अनिल टाइगर का अंतिम संस्कार गुरुवार को कांके स्थित गागी गांव में किया गया। उनके पुत्र सूरज महतो ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**मानव तस्करी के शिकार हुए...**

से रेस्क्यू किया है। ये सारी कार्रवाई नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर की गई।

एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल अफसर नचिकेता ने जानकारी दी कि साहिबगंज जिले के दो मानव तस्कर पूनम मरांडी और ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनसे बच्चों से संबंधित मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह और निर्मला खलखो के प्रयास से इन सभी नाबालिगों को दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों से रेस्क्यू किया गया है। विदित हो कि नई दिल्ली में झारखंड भवन में स्थित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को झारखंड में अब तक पुनर्वासित किया गया है और उन्हें झारखंड सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं निदेशक किरण कुमारी पासी द्वारा सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आते ही तुरंत ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना किया जाए। अग्रतर कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए। साथ ही, इन बच्चों की सतत निगरानी भी की जाए।

**क्या है मानव तस्करी :** मानव तस्करी शोषण के उद्देश्य से की जाती है। इसमें गरीब और भोले-भाले लोगों को फंसाया जाता है। मानव तस्करी एक ही देश के अंदर या देश की सीमाओं से बाहर भी होती है। देश के अंदर मानव तस्करी में नौकरी और बेहतर जिंदगी का लालच देकर उन्हें बड़े शहरों में ले जाकर बेच दिया जाता है। मानव तस्करी के माध्यम से जबर्दस्ती श्रम कराया जाता है और लड़कियों को देह व्यापार में ढकेल दिया जाता है। मानव तस्करी मानवाधिकार का घोर उल्लंघन है।

**चतरा में रोजगार सेवक..**

तय हुआ। एसीबी ने मामले की जांच कराई, तो इसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने इटखोरी प्रखंड के नवादा और धनखेरी पंचायत के रोजगार सेवक उमेश कुमार को पांच हजार रुपए नकद लेते गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी इटखोरी बाजार के महाराजा फर्नीचर दुकान से हुई है। एसीबी हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि गिरफ्तार रोजगार सेवक चतरा सदर थाना क्षेत्र के चौर मोहल्ला का रहने वाला है।

## आज का मैच



चेन्नई सुपर किंग्स Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

दिनांक 28 मार्च शुक्रवार | स्थान चेन्नई | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 01 | 01 | 00 | 02 |
| आरसीबी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| पीके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| सीएसके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| डीडी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| एलएसजी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| एमआइ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| जीटी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| केकेआर | 02 | 02 | 00 | 02 |
| आरआर | 02 | 00 | 02 | 00 |

# 'रनों की बरसात' इतने खिलाड़ियों ने लगाई हॉफ सेंचुरी, इसमें 8 भारतीय, 7 विदेशी

**15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई इस आइपीएल में**

**चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाई।**

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 में गेंदबाजों पर कहर बन कर टूट रहे हैं बल्लेबाज। एक दो मैच को छोड़ दिया जाए तो सारे मैच हाई स्कोरिंग रहे हैं। इस टूनामेंट में अब तक अलग-अलग टीमों से कुल 15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई। इसमें 8 भारतीय बल्लेबाज हैं, तो वहीं 7 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूनार्मेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और संजू सैमसन, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर, गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे, दिल्ली कैपिटल्स के लिए आशुतोष शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ हैं।



**ध्रुव जुरेल** 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है।



आरसीबी के सलामी बल्लेबाज कोहली



चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज



संजू सैमसन RR



श्रेयस अय्यर KKR



अजिंक्य रहाण KKR



आशुतोष शर्मा DD

## चलिए विस्तार से जानते हैं

इन खिलाड़ियों के बारे में। राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपने पहले मैच में ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हाफ सेंचुरी लगाई थी। इस टूनार्मेट में ध्रुव जुरेल ने 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 97 रनों की शानदार पारी खेली। इस टूनार्मेंट में उन्होंने इसी के साथ अपनी पहली हाफ सेंचुरी भी लगाई। 2 मैच में क्विंटन डी कॉक के नाम कुल 101 रन है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टूनार्मेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी जड़ी। उनके नाम 97 रनों का सर्वाधिक स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स के लिए संजू सैमसन ने हाफ सेंचुरी जड़ी है। 2 मैच में उनके नाम 79 रन हैं। सर्वाधिक स्कोर 66 रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने अपने पहले मैच में दिल्ली के खिलाफ शानदार 75 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रनों की शानदार पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में पहली हाफ संेचुरी लगाई। रहाणे ने दो मैच में 74 रन बनाए। 56 उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ताबड़तोड़ 72 रनों की पारी खेली। सर्वाधिक स्कोर उनका 72 रहा है।

## एक नजर

### दिल्ली की सब जूनियर कबड्डी टीमों की कप्तानी करेंगे सूरज जट और वंशिका

**नई दिल्ली।** सूरज जट और वंशिका बिहार के गया में 27 से 30 मार्च तक होने वाली 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली की लड़कों और लड़कियों की टीमों की कप्तानी करेंगे। दिल्ली एमेच्योर कबड्डी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष निरंजन सिंह के अनुसार 12 सदस्यीय टीमों की घोषणा कर दी गयी है। सूरज जट लड़कों के वर्ग में कप्तानी संभालेंगे जबकि लड़कियों की कप्तान होंगी वंशिका। दोनों टीमें इस प्रकार हैं :

**लड़के :** सूरज जट (कप्तान), मयंक यादव, अनिरुद्ध भारद्वाज, अक्षय, प्रियांशु, आकाश अहिरवार,प्रिंस भारती, मानव छिल्लर, सौरभ, नैतिक मावी, अनुभव सिंह, कन्हैया सिंह यादव

**लड़कियां :** वंशिका (कप्तान), पायल, दीपांशी, कामिनी, नित्या, डॉली, दीपा खत्री, नसरीन, अंशिका, निधि, स्विता, मुस्कान

दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के महासचिव रामबीर सिंह बिधूड़ी के अनुसार लड़कों के वर्ग में नितिन (मैनेजर) और अंकित कुमार (कोच) तथा लड़कियों के वर्ग में चांदनी (मैनेजर) और शशि (कोच) को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता गया के जी. डी. गोयनका स्कूल, रसूलपुर में आयोजित होगी।

### न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले लगा झटका

**वेलिंग्टन।** पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लाथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गए है। लाथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। लाथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है।

# लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में ही हराया



**शार्दुल ठाकुर के बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की आंधी चली**

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन में जीत का स्वाद चख लिया है. लखनऊ टीम ने अपना दूसरा मुकाबला गुरुवार (27 मार्च) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 5 विकेट से जीता। यह मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद टीम ने 191 रनों का टारगेट दिया। जवाब में लखनऊ टीम ने 4 विकेट गंवाकर 16.1 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इस पारी में निकोलस पूरन ने 18 और मिचेल मार्श ने 29 गेंदों पर फिफ्टी जमाई। उनके अलावा तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर भी हीरो रहे, जिन्होंने 4 विकेट झटके। लखनऊ के लिए पूरन ने 26 गेंदों पर 70 रनों की आतिशी पारी खेली। इस दौरान 6 छक्के और इतने ही चौके जमाए। जबकि मिचेल मार्श ने 31 गेंदों पर 52 रन ठोके। इस दौरान उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके लगाए। आखिर में कप्तान ऋषभ पंत ने 15 और अब्दुल समद ने नाबाद 22 रन बनाए।

## गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

**ग्रेटर नोएडा।** गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा ने बुधवार को विपरीत अंदाज में जीत के साथ 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है । मौजूदा मिनिममवेट (45-48 किग्रा) चैंपियन मीनाक्षी (एआईपी) अजेय रहीं। उन्होंने दिल्ली की संजना को तीसरे राउंड में आरएससी जीत के साथ हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, लाइट फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) खिताबधारी अनामिका हुड्डा (आरएसपीबी) को अब तक की सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। मीनाक्षी अब सिक्किम की यासिका राय से भिड़ेंगी, जबकि अनामिका का सामना हरियाणा की तमन्ना से होगा। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूनामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है। इसमें एक मिनट के ब्रेक के साथ तीन-तीन मिनट के राउंड शामिल हैं। जैस्मीन लेम्बोरिया (एसएससीबी) ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित करते हुए एक और आरएससी जीत हासिल की। इस बार उन्होंने फेदरवेट (54-57 किग्रा) सेमीफाइनल में पंजाब की विशाखा वर्टिया के खिलाफ राउंड 3 में हराया।

## विकेटकीपिंग नहीं करूंगा तो मैदान पर बेकार हो जाऊंगा : धोनी

**नई दिल्ली।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने कहा कि अगर वह स्टंप के पीछे की जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तो मैदान पर खुद को 'बेकार' महसूस करेंगे, क्योंकि विकेटकीपिंग करते समय वह खेल को अच्छी तरह से समझते हैं। 43 वर्षीय धोनी सीएसके के लिए विकेटकीपिंग करते रहेंगे क्योंकि फ्रैंचाइजी ने इस अनुभवी खिलाड़ी पर बहुत भरोसा दिखाया है। धोनी आईपीएल की शुरूआत से ही सीएसके से जुड़े हुए हैं, सिवाय दो सीजन के जब टीम को टूनार्मेंट से प्रतिबंधित कर दिया गया था और उन्होंने टीम को 5 खिताब और 10 फाइनल तक पहुंचाया। धोनी ने कहा, 'अगर मैं विकेटकीपिंग नहीं कर रहा हूं, तो मुझे लगता है कि मैं मैदान पर बेकार हूं क्योंकि यहीं पर मैं खेल को सबसे अच्छे तरीके से पढ़ सकता हूं।



## मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है: मोईन अली

**गुवाहाटी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है।

## चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगा आरसीबी



एजेंसी

**चेन्नई ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपर किंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपर किंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत में 284 अरबपति, कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपये : हुरुन लिस्ट

**नई दिल्ली।** भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 284 हो गई है, जिनकी कुल संपत्ति 98 लाख करोड़ रुपये है। गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट फॉर 2025 से पता चलता है कि देश के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अकेले देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 90 अरबपति हैं। भारत वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में बना हुआ है, अरबपतियों की संख्या के मामले में देश तीसरे स्थान पर है, जो केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। अमेरिका 870 अरबपतियों के साथ इस लिस्ट में टॉप पर है। हुरुन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 175 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की संपत्ति में या तो गिरावट आई है या कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## नए यूएस ऑटो टैरिफ से जेएलआर निर्माता टाटा मोटर्स के शेयर धराशाई

**मुंबई।** दुनिया के दिग्गज लग्जरी कार ब्रांडों में से एक जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की प्रवर्तक कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर में गुरुवार को 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूएस में आयातित कारों पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाना है। कारोबारी सत्र में टाटा मोटर्स का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 5.47 प्रतिशत या 38.75 रुपये की गिरावट के साथ 669.5 पर बंद हुआ। ट्रंप की यह घोषणा विभिन्न देशों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने की उनकी योजना का हिस्सा है। नए कार टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होने वाले हैं, जिससे अमेरिकी कार कंपनियों के लिए चिंताएं पैदा हो गई हैं।

## देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी 'इनोवेशन' : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया। राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024 कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।



केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि शून्य की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा।

रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, हमारे अमृत काल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, आरएंडडी की एक महत्वपूर्ण होगी। हम नई टेक्नोलॉजी और विचारों का एक पावर हाउस बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

गोयल ने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) के माध्यम से वैज्ञानिक प्रगति का समर्थन करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों की घोषणा की, जो सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, 'एनआरएफ' हितधारकों के बीच विज्ञान और टेक्नोलॉजी इनोवेशन के लिए उत्साह को बढ़ावा देगा।


## मार्च में तेजड़ियों की वापसी के बाद अप्रैल में भी तेजी जारी रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मार्च का महीना घरेलू शेयर बाजार के लिए शानदार वापसी वाला महीना साबित होता हुआ नजर आ रहा है। स्टॉक मार्केट ने लगातार 5 महीने तक गिरावट का सामना करने के बाद इस महीने जोरदार वापसी की है। इस महीने के कारोबार में शेयर बाजार में अभी तक 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि अप्रैल महीने में भी शेयर बाजार में मजबूती का माहौल बना रह सकता है। ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट में अप्रैल महीने के सीजनल ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा गया है कि मार्च के बाद अप्रैल के महीने में भी बाजार में तेजी का रुख जारी रह सकता है। जेएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 सालों के आंकड़ों की समीक्षा करने में पता चलता है कि अप्रैल के महीने में शेयर बाजार ने 7 बार पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

## आयकर कार्यालय 29-31 मार्च को खुले रहेंगे: सीबीडीटी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, ₹लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।₹ बयान के मुताबिक करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सीबीडीटी के जारी अधिसूचना के मुताबिक देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय सप्ताहांत और ईद-उल-फितर के बावजूद खुले रहेंगे, जो सोमवार को पड़ सकता है। दरअसल 31 मार्च, 2025 चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतिम दिन भी है। इसलिए इस वित्त वर्ष से संबंधित सभी सरकारी भुगतान और निपटान उसी दिन तक पूरे कर लिए जाने चाहिए।

## केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 25 में राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव के लिए मंजूर किए 9,599 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 25 में राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव के लिए 9,599 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने गुरुवार को दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसमें 2,842 करोड़ रुपये के मूल्य के 17,884 किलोमीटर की लंबाई के शॉर्ट-टर्म मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एसटीएमसी) और 6,757 करोड़ रुपये के मूल्य के 6,118 किलोमीटर की लंबाई के परफॉरमेंस-बेस्ड मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (पीबीएमसी) शामिल हैं। लोकसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के रखरखाव को प्राथमिकता दी है और एक जवाबदेह रखरखाव एजेंसी के माध्यम से सभी राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के रखरखाव और मरम्मत को सुनिश्चित करने के लिए एक सिस्टम विकसित किया है। वर्तमान में देश में 8.11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 31,187 किलोमीटर लंबाई में 1,310 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। वहीं, एसटीएमसी कार्य में अनुबंध सामान्यतः 1-2 वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं, जबकि पीबीएमसी कार्य में अनुबंध लगभग 5-7 वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं।

## अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार कर हरे निशान में बंद शेयर बाजार

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए नए टैरिफ को दरकिनार करते हुए भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 317.93 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,606.43 और निफ्टी 105.10 अंक या 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,591.95 पर था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में आयात होने वाली सभी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। हालांकि, बाजार पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। लार्जकैप के साथ मिडकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 193.25 अंक या 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,839.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 183.10 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,119.85 पर बंद हुआ।